UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-233 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) बुधवार 05 अगस्त 2026 youngbharatE-paper.com

## उपचुनाव में पहले भी हुए हैं बांकीपुर जैसे उलटफेर, सीएम बनने के बाद योगी आदित्यनाथ का ही ढह गया था किला



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ने लगभग जीत दर्ज कर ली है। बांकीपुर सीट का रिजल्ट बहुत बड़ा राजनीतिक उलटफेर है और वह इसलिए क्योंकि इस सीट का सीधा कनेक्शन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से है। उनका इस सीट से न सिर्फ राजनीतिक बल्कि पारिवारिक संबंध भी है। नितिन नवीन इस सीट से 5 बार विधायक रह चुके हैं और उनके पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भी इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, इसलिए बांकीपुर उपचुनाव का रिजल्ट बहुत बड़ा राजनीतिक उलटफेर है। उपचुनाव में अक्सर ऐसा देखा गया है जब बड़े नेता और स्थापित राजनीतिक दल उलटफेर का शिकार हुए हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है जब बांकीपुर जैसी अहम सीट पर पहली बार चुनाव लड़ रहे




प्रशांत किशोर ने न सिर्फ जीत दर्ज की है बल्कि बीजेपी के गढ़ में सेंध लगाई है। इससे पहले कई उपचुनाव चर्चा में रहे हैं जहां बड़े चेहरों और बड़ी पार्टियों को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। यहां हम आपको ऐसे ही कुछ उपचुनाव के बारे में बता रहे हैं-: साल 2018 में गोरखपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव को भारतीय राजनीति के सबसे चर्चित उलटफेरों में से एक माना जाता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश के मौजूदा सीएम योगी आदित्यनाथ की सीट पर बीजेपी चुनाव हार गई थी। कई दशकों तक इस सीट पर बीजेपी का कब्जा रहा था, लेकिन 2018 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद जब यह सीट खाली हुई तो यहां चुनाव कराया गया और भाजपा इस चुनाव में हार गई। उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार प्रवीण निषाद ने बीजेपी के उपेंद्र दत्त शुक्ल को मात दी थी। साल 2018 का उपचुनाव गोरखपुर के साथ-साथ फूलपुर लोकसभा सीट पर हुए उलटफेर के लिए भी जाना जाता है। गोरखपुर की तरह यह सीट भी लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ रही थी, लेकिन 2018 में सपा ने इस सीट पर सेंध लगाने में कामयाबी हासिल की। यह सीट उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सांसद पद से इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी, लेकिन उपचुनाव में बीजेपी इस सीट को हार गई। एसपी उम्मीदवार नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल कुल 59,613 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। उन्होंने बीजेपी के उम्मीदवार कौशलेंद्र सिंह पटेल को हराया था। 1971 के मनीराम विधानसभा उपचुनाव का रिजल्ट यूपी के राजनीतिक इतिहास का सबसे बड़ा उलटफेर था जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिभुवन नारायण सिंह चुनाव हर गए थे। दरअसल, उन्हें बिना विधानसभा के सदस्य होते हुए सीएम बना दिया गया था और उन्हें सीएम रहने के लिए विधानसभा चुनाव जीतना जरूरी था, लेकिन वह चुनाव हार गए थे। किसी सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री का उपचुनाव हारना भारतीय राजनीति की सबसे असाधारण घटनाओं में से एक माना जाता है। उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट पर 2023 में हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने बीजेपी प्रत्याशी दारा सिंह चौहान को हराया था। दारा सिंह चौहान ने समाजवादी पार्टी छोड़कर बीजेपी का दामन थामा था और उनके इस्तीफे के कारण ही उपचुनाव हुआ था। इस परिणाम को विपक्ष की बड़ी जीत और बीजेपी के लिए राजनीतिक झटके के रूप में देखा गया। यूपी के बाद अब बिहार का रूख करते हैं जहां 1994 में वैशाली लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बिहार पीपुल्स पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले लवली आनंद ने लालू प्रसाद यादव के उम्मीदवार को चुनाव में हरा दिया था।

## बांकीपुर-दतिया रिजल्टः अखिलेश यादव बोले, 'लड्डू तो बीजेपी के अंदर भी...'

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** बांकीपुर और मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भगवान को नचाने का घमंड रखनेवालों को भगवान ने ही नचा दिया.सपा प्रमुख ने पेपर लीक, वोट चोरी, मंदिरों में दान की चोरी, भ्रष्टाचार और महंगाई समेत अन्य मुद्दों का जिक्र करते हुए बीजेपी की सरकार को घेरा. साथ ही कहा कि बीजेपी ने इन सभी तरीकों से जनता के भरोसे और आस्था तक को ठगने का काम किया.



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा, ''अब तो बीजेपी वाले भी अपने ही किसी का इस्तीफ़ा मांगेंगे क्योंकि जो अपनी ही विधानसभा हार गये उनके भरोसे नाव कैसे पार होगी. अब तो कोई ये भी नहीं कह सकता है कि बीजेपी में इस्तीफे नहीं होते हैं. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने आगे कहा, ''सबसे ज्यादा खुश तो यूपी में वो हैं, जिनको 'पीडीए' समाज का होने की वजह से राष्ट्रीय स्तर का पद न देकर जानबूझकर राज्य स्तर का पद दिया गया था. आज तो वो भी मुस्कुराकर पूछ रहे हैं कि '5 बड़ा या 7'.'' उन्होंने तंज कसते हुए ये भी कहा कि जनता ये भी कह रही है कि जब राष्ट्रीय अध्यक्ष विधानसभा नहीं जिता पाये तो प्रदेश अध्यक्ष तो विधानसभा लड़वा भी नहीं पाएंगे. अखिलेश यादव ने दतिया और बांकीपुर उपचुनाव में विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी. साथ ही दावा करते हुए कहा, ''बीजेपी की हार मतलब बदलाव की शुरुआत. बीजेपी की सबसे सुरक्षित और परंपरागत सीटें भी अब उनकी हार नहीं बचा पाएंगी. अब बीजेपी का संकट हार से बढ़कर इस बात का होगा कि उनका टिकट लेनेवाला 'ड्रोन और दूरबीन' से भी ढूंढे नहीं मिलेगा.'' इसके साथ ही उन्होंने लिखा, बता दें कि मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने बीजेपी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 6,016 वोटों से हरा दिया. वहीं बिहार में पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में 30 सालों का रिकॉर्ड टूट गया. जन सुराज पार्टी के संस्थापक और प्रत्याशी प्रशांत किशोर को जीत हासिल हुई. उन्होंने बीजेपी के नीरज कुमार सिन्हा को 18,953 वोटों के अंतर से पराजित करके जीत का परचम लहराया.

## 'भगवान ने बीजेपी के घमंड का बुखार उतार दिया.' बांकीपुर नतीजे पर अखिलेश का बड़ा वार, बोले- अब शुरू हो गया बदलाव का दौर

( यंग भारत न्यूज )

बिहार की राजनीति में बांकीपुर उपचुनाव के नतीजे आने के बाद बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट कर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है।

अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में लिखा, 'भगवान ने बीजेपी के घमंड का बुखार उतार दिया।' उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को सबसे ऊपर समझते हैं, जनता उन्हें समय आने पर जवाब देती है। उनके इस बयान को बांकीपुर सीट के चुनाव परिणाम से जोड़कर देखा जा रहा है। अखिलेश यादव ने बांकीपुर नतीजे को युवाओं की एकता और अभिभावकों के आक्रोश का परिणाम बताया। उन्होंने अपने पोस्ट में कई मुद्दों का जिक्र करते हुए बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने 'वोट चोरी', 'पेपर चोरी', 'नौकरी चोरी', 'आरक्षण', 'महंगाई', 'भ्रष्टाचार' और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। अखिलेश ने आरोप लगाया कि इन मुद्दों के कारण जनता का भरोसा प्रभावित हुआ है। अपने पोस्ट में अखिलेश यादव ने बीजेपी की रणनीति पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यह हार सिर्फ एक सीट की नहीं बल्कि



जनता के बदलते मूड का संकेत है। उन्होंने लिखा कि बीजेपी की परंपरागत सीटों पर भी अब चुनौती खड़ी हो रही है और यह बदलाव की शुरुआत हो सकती है। अखिलेश के इस बयान को आगामी राजनीतिक मुकाबलों के लिए विपक्ष की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। बांकीपुर उपचुनाव के बाद प्रशांत किशोर का नाम भी चर्चा में है। चुनाव परिणाम के बाद उनके बिहार विधानसभा में पहुंचने की बात सामने आई है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि विधानसभा में उनकी भूमिका और उनके मुद्दे आने वाले समय में महत्वपूर्ण हो सकते हैं। प्रशांत किशोर ने भी चुनावी नतीजों के बाद अपने एजेंडे और जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर संकेत दिए हैं। अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में बीजेपी संगठन और नेतृत्व पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी के भीतर भी सवाल उठ सकते हैं कि जिम्मेदारी किसकी तय होगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब बड़े नेता अपनी सीट नहीं बचा पाए तो संगठन की रणनीति पर चर्चा होना स्वाभाविक है।

# कालपी पुलिस की नाक काट ले गए छुट भैया

### हाइवे को भी नही रखा पा रही है कालपी पुलिस

- » जोल्हूपुर ओवरब्रिज पर ईको कार बैड़ी लगा कर पिकअप चालक को लूटा
- » कालपी पुलिस की निरंतर हो रही है थू थू, मगर कोतवाली पुलिस में कोई सुधार नही
- » कट्टा दिखाकर मोबाइल लूटने और शिकायत पर हत्या की धमकी का आरोप

क्राइम डेस्क

(प्रधान सम्पादक)
(यंग भारत न्यूज)

**कालपी।** कालपी कोतवाली क्षेत्र में पिकअप चालक और उसके साथी के साथ लूटपाट एवं मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ितों का आरोप है कि जोल्हूपुर मोड़ ओवरब्रिज के पास ईको कार सवार लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली, उनके साथ मारपीट की, कट्टा दिखाकर मोबाइल फोन छीन लिया और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ितों ने कालपी कोतवाली में



लिखित तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर के अनुसार कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुरखा निवासी धर्मेन्द्र पुत्र रामआसरे अपने साथी अंकित कुमार पुत्र रामकिशन निवासी सिद्धार्थ नगर के साथ पिकअप वाहन (यूपी-71 सीटी-2076) से उरई के एक कोल्ड स्टोरेज से



केले लादकर मौदहा जा रहे थे। देर रात जब उनकी पिकअप जोल्हूपुर मोड़ ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी पीछे से आई एक ईको कार ने उनकी गाड़ी के आगे आकर रास्ता रोक दिया। पीड़ितों का आरोप है कि ईको कार में तीन युवक, लगभग 50 से 55 वर्ष का एक व्यक्ति तथा एक नाबालिग लड़की सवार थे। कार रुकते ही उसमें सवार लोगों ने दोनों युवकों को नीचे उतारकर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। धर्मेन्द्र ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसका ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसके सिर पर कट्टा लगाकर चेतावनी दी कि यदि घटना की जानकारी किसी व्यक्ति या पुलिस को दी तो उसे जान से मार दिया जाएगा। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना से भयभीत दोनों युवक किसी तरह कालपी कोतवाली पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने लिखित तहरीर देकर आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध लूट, मारपीट, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में कालपी क्षेत्र में चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। हालांकि इन घटनाओं और पुलिस की कार्यशैली को लेकर लगाए जा रहे आरोप पीड़ित पक्ष के हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि प्रत्येक शिकायत की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

- » पीड़ितों ने कालपी कोतवाली में दी तहरीर, की कार्रवाई की मांग
- » पुलिस बोली- तहरीर के आधार पर जांच के बाद होगी विधिक कार्रवाई
- » चुनौती पूर्ण अपराधों से न कालपी पुलिस शर्मिंदा है न ही उच्च अधिकारी कर रहे कोई कार्यवाही

# समस्त लेखपाल हदबंदी एवं कुरा बटवारा से संबंधित लंबित चल रहे मामलों को सत प्रतिशत निस्तारण करें तथा सभी संग्रह अमीन अपने-अपने लक्ष्य की सत प्रतिशत वसूली करें-विनय कुमार मौर्य

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 4 अगस्त।** तहसीलदार एवं न्यायिक तहसीलदारों की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लेखपालों की मौजूदगी में साप्ताहिक बैठक आयोजित कर निर्देश दिए गए।




मंगलवार के दिन तहसील कालपी सभागार में आयोजित लेखपालों की बैठक पर उप जिला अधिकारी विनय कुमार मौर्य ने मौजूद लेखपालों से अपने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा की जिन लेखपालों के पास हदबदी पहले लंबित चल रही है तथा हदबंदी सुधा पहले जिनके पास लंबित है एवं कुरा बटवारा आदि राजस्व संबंधित कार्यलंबित चल रहे हैं वह लेखपाल अपनी भलाई चाहते हैं तो राजस्व निरीक्षक को साथ में ले जाकर कृषकों की नाप कर तथा पत्थर गडड़ी कर लंबित मामले सत प्रतिशत निस्तारण के निर्देश दिए इस कार्य को अभियान चलाकर लंबित मामलों को राजस्व निरीक्षक एवं समस्त लेखपालसत प्रतिशत करें उन्होंने किसी लेखपाल के पास राजस्व संबंधित मामले लंबित पड़े हैं वह उक्त मामलों को शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें वहीं मौजूद संग्रह अमीनो के जमकर पेच कसते हुए कहा कि वसूली अभियान चलाकर बकाया दारों दरवाजे पहुंचकर वसूली कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए इन कार्यों में किसी भी कर्मचारी ने हीला हवाली की तो मैं किसी की बहाने बाजी को बर्दाश्त नहीं करूंगा हर हाल में मुझे कार्य शीघ्र करने वाला कर्मचारी ही तहसील कालपी का सच्चा हितैषी होगा तहसीलदार अभिनव तिवारी ने कहां कि आपकी साप्ताहिक बैठक में कार्य के प्रति सदैव रोना ही रहता है इस बैठक में एसडीएम के द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं उन निर्देशों का कड़ाई से पालन कर अपने कार्यों के प्रति खरे उतरने के निर्देश दिए बैठक में मौजूद नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला नायब तहसीलदार प्रिंस बाबू राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह राजस्व निरीक्षक प्रमोद द्विवेदी राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सोनी सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह लेखपालों में शिवमंगल पाठक छविनाथ सिंह पाल जयवीर सिंह पाल विभा विद्यासागर प्रिया सिंह चौहान पल्लवी श्रीवास्तव जितेंद्र राजपूत राहुल कुमार अभिषेक अमित यादव आदि लोग मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षण 'क्या, क्यों और कैसे' विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा के तत्वावधान में जालौन बालिका इंटर कॉलेज में 'पर्यावरण संरक्षण रू क्या, क्यों और कैसे' विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रकृति के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। परिषद की ओर से विद्यालय की 175 छात्राओं को चार-चार रजिस्टर भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में डॉ. वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि पर्यावरण केवल पेड़-पौधों तक सीमित नहीं है, बल्कि जल, वायु, मिट्टी और समस्त जीव-जंतुओं का संतुलन ही पर्यावरण है। यदि प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन जारी रहा तो आने वाली पीढ़ियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। साथ ही प्लास्टिक का कम से कम उपयोग, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छता जैसे छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण बचाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। संचालक अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र और अनियंत्रित शहरीकरण प्रकृति के संतुलन को प्रभावित कर रहे हैं। यदि विद्यार्थी अभी से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनेंगे तो भविष्य में समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझाते हुए अनावश्यक जल व्यर्थ न बहाने, बिजली की बचत करने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने विद्यालय की 175 छात्राओं को चार-चार रजिस्टर वितरित किए। अंत में विद्यालय के प्रबंधक ब्रजेश सिंघल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुशील बाजपेयी, अशोक कुमार गुप्ता, राजीव माहेश्वरी, धर्मेंद्र मिश्रा, अरुण मिश्रा, अनुराग बहरे, श्याम किशोर गुप्ता, रमाकांत पुरवार, आदि रहे।

# अस्पताल में मरीजों के हित मे सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखें-विनय कुमार मौर्य

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 4 अगस्त।** उप जिलाधिकारी ने अचानक सीएचसी कालपी में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आने वाले मरीजों का तत्परता से लगकर इलाज करने के निर्देश दिए। मंगलवार के दिन उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य जैसे ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में अचानक पहुंचे अस्पताल में मौजूद अधीक्षक डॉक्टर दिनेश बर्दिया ने स्टाफ के साथ स्वागत किया इसके उपरांत एसडीएम ने अधीक्षक के साथ अस्पताल में चल रही स्वास्थ्य पटलो का बारीकी से निरीक्षण कर प्रत्येक मरीज को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उन्होंने पूरे अस्पताल में चारों तरफ भ्रमण कर जायजा लिया तथा बेहतर सफाई कराने के निर्देश दिए उन्होंने दवा कक्ष का निरीक्षण किया निरीक्षण दौरान सरकार से प्राप्त दवाइयां को आने वाले मरीजों को समय से वितरण करने के निर्देश दिए उन्होंने आयुष्मान पटल में मौजूद आकाश साहू से निर्देश देते हुए कहा कि जो मरीज पात्र हो ऐसे मरीजों के तत्काल



आयुष्मान कार्ड बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा आयुष्मान कार्ड में जो गलतियां हैं उन गलतियों को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए उन्होंने मौजूद अधीक्षक एवं चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि आने वाले मरीजों का तत्परता से इलाज कर स्वस्थ करने में सदैव अग्रसर रहें जिससे सर्वाधिक पुण्य प्राप्त होता है उन्होंने मौजूद मरीज से पूछताछ कर स्वास्थ्य सेवाएं शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उन्होंने कहा की मरीज के इलाज में किसी भी चिकित्सक ने लापरवाही की ऐसे चिकित्सक की खैर नहीं होगी उन्होंने पैथोलॉजी भवन में पहुंचकर निरीक्षण किया निरीक्षण दौरान आने वाले मरीज की जांच कर समय से रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उन्होंने भ्रमण दौरान अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं सही पाए जाने पर खुश हुए इसके उपरांत तहसील के घायल हुए दोनों कर्मचारियों को जाकर जायजा लेकर हाल-चाल जाना निरीक्षण के दौरान मौजूद लोगों में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख दंत चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रोहित सिंह नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गरिमा सचान चीफ फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार फार्मासिस्ट अशोक कुमार फार्मासिस्ट विनोद सचान हरचरण राम सजीवन गुप्ता प्रदीप कुमार मोहिनी त्रिपाठी सतीश चंद्र ममता सिंह किरण राठौर संतोष सोनी गया प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

# सरकारी विभागो के पेंच में फसा सड़क निर्माण कार्य

## -ग्रामीणो ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के हजारों ग्रामीणों ने जुझारपुरा बम्बा से कुँड़ा नहर पुल तक लगभग सात किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क के निर्माण और इसकी जिम्मेदारी किसी एक विभाग को सौंपने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए उपडिलाधिकारी अभिनव कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क नहर विभाग, मंडी समिति परिषद और लोक निर्माण विभाग के अधीन होने के कारण किसी भी विभाग द्वारा निर्माण कार्य की जिम्मेदारी नहीं ली जा रही है। इसी वजह से वर्षों से सड़क का नवीनीकरण और चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि हिंगुटा से जुझारपुरा तक करीब साढ़े चार किलोमीटर सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से आवागमन जोखिम भरा हो गया है। इस मार्ग से हिंगुटा, कुँड़ा, चमरउवा, वरहल, खुटैला और मवासा सहित छह गांवों के लगभग 15 हजार लोग प्रतिदिन कोंच आते-जाते हैं। इसी मार्ग से स्कूली बच्चे, मरीज, किसान और व्यापारी आवागमन करते हैं। किसानों को खाद-बीज लाने और अपनी उपज गल्ला मंडी कोंच तक पहुंचाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण रिक्शा और अन्य छोटे वाहन भी गांवों तक आने से कतराते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ऑनलाइन शिकायतें करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क को किसी एक विभाग के अधीन सौंपकर शीघ्र निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू कराया जाए, ताकि हजारों ग्रामीणों को राहत मिल सके।इस मौके पर जितेंद कुमार, शिवकुमार वर्मा,सूर्य प्रताप गुर्जर, कमलकांत परिहार आशीष कुमार, जतिन कुमार, पंकज कुशवाहा, अमित, आशीष समेले सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग उठाई



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियर के बैनर तले किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष देव सिंह पटेल के नेतृत्व में किसान रामनरेश याज्ञिक, भगवानदास, रामराजा पटेल, शाहरूख, संतोष पटेल, लक्ष्मीनारायण, विनोद निरंजन आदि ने एसडीएम राकेश सोनी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के नलकूपों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। कम से कम 20 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अन्ना जानवरों को गोशाला में संरक्षित किया जाए। गल्ला मंडी में स्थित पीसीएफ की खाद की दुकान को बंद कर दिया गया है, जिससे किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। पीसीएफ की इस दुकान को चालू कराया जाए। मृतक किसान के आश्रित के नाम पर खतौनी न होने के चलते उन्हें खाद नहीं मिल पाती है, इस समस्या का कोई उचित समाधान निकाला जाए। भदवां, वीरपुरा, व जीपुरा माइनर की टेल तक खुदाई न होने से किसान परेशान होते हैं। इन माइनरों की टेल तक खुदाई कराई जाए। साथ ही नगर में मौजा मनकापुर जालौन अंदर हद का नाला कुछ मीटर पक्का बना है, उसे पूरा पक्का बनाया जाए। उन्होंने किसानों के हित में समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, एक की मौत, तीन घायल

## गुरावती-पचीपुरा के बीच हुआ हादसा, टक्कर इतनी जबरदस्त कि पेड़ ही उखड़ गया

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** जालौन-कोंच मार्ग पर हाई स्पीड एक्सयूवी अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां एक युवक को डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन युवकों को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के लहार निवासी अमोल अग्रवाल उम्र 30 वर्ष अपने साथियों अजय उर्फ मन्नू उम्र 40 वर्ष, मधुर सिंह उम्र 35 वर्ष व पिंटू विश्वकर्मा उम्र 37 वर्ष के साथ अजय की एक्सयूवी कार से बंगरा होते हुए आतिशबाजी के काम से जालौन आए हुए थे।जव सभी शाम को वापस लौट रहे थे तभी कोंच-जालौन मार्ग पर ग्राम गुरावती-पचीपुरा के बीच उनकी हाई स्पीड कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई जिससे वह पेड़ उखड़ गया और कार जाकर दूसरे पेड़ से टकरा कर खंदक में पलट गई। हादसे को देख आसपास के राहगीर व ग्रामीण दौड़ पड़े और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। लोगों ने कार में फंसे चारों युवकों को कार से बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने अमोल अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया। अजय, मधुरसिंह व पिंटू को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। सूचना के बाद सभी के परिजन भी कोंच सीएचसी पहुंच गए।सूचना पर मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# पेड़ गिरने से यातयात हुआ बाधित, कई घंटो की मशक्कत के बाद हटाया गया पेड

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** सोमवार रात तेज हवा के चलते मोहल्ला घुआताल में नीम का पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से मोहल्ले में यातयात बाधित हो गया। मंगलवार की देर शाम तक पेड़ को नहीं हटाया जा सका।

नगर के मोहल्ला घुआताल में अधिवक्ता विनय निगम के आवास के पास पुराना नीम का पेड़ खड़ा था। सोमवार देर रात तेज हवा के चलते नीम का पेड़ सड़क पर ही गिर गया। गनीमत रही रात के समय पेड़ गिरने से कोई व्यक्ति उसकी चपेट में नहीं आया और न ही किसी इमारत पर वह गिरा। सुबह लोगों ने उठकर जब पेड़ को गिरा हुआ देखा तो इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। लेकिन मंगलवार की देर शाम तक पेड़ नहीं हटाया जा सका। जिसके चलते मोहल्ले के लोगों को निकलने के लिए दूसरी गलियों का सहारा लेना पड़ा।

# आवारा जानवर से बाइक टकराने से दो महिलाए घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह उरई रोड पर आवारा पशु के अचानक सामने आ जाने से एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों ने दोनों का उपचार किया।जानकारी के अनुसार ग्राम बस्ती निवासी 23 वर्षीय प्रार्थना पत्नी राजा अपने पति राजा तथा भाभी साधना के साथ बाइक से इलाज कराने के लिए उरई जा रही थीं।जैसे ही उनकी बाइक उरई रोड स्थित ग्राम भदारी के पास पहुंची, तभी अचानक एक आवारा पड़िया बाइक के सामने आ गई। पशु को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर फिसलकर गिर गई।दुर्घटना में प्रार्थना और साधना को चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल दोनों घायलों की मदद कर उन्हें एंबुलेंस एवं अन्य साधनों से सीएचसी पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को निगरानी में रखा।

# श्रावण मास पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में श्रावण मास के पावन अवसर पर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला के तहत मंगलवार को पटेल नगर स्थित शिव शक्ति सिद्ध पीठ मंदिर नहर कोठी पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं शिव अर्चन पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सावन माह के चलते नगर में शिवभक्ति का वातावरण बना हुआ है और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि मंदिर परिसर में 30 जुलाई से 27 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं विशेष शिव अर्चन का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य यजमान लड्डू गोपाल हैं।पंडित विष्णुकांत शास्त्री ने बताया कि हिंदू धर्म में श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। शिव पुराण के अनुसार सावन भगवान शिव का प्रिय माह है। धार्मिक मान्यता है कि इस महीने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि-विधान से पूजा करने, रुद्राभिषेक करने और भगवान शिव का स्मरण करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन के कष्टों का निवारण होता है।आयोजकों के अनुसार 27 अगस्त को ददरुआ सरकार का आगमन होगा, जबकि 30 अगस्त को पूर्णाहुति एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों एवं शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया।इस अवसर पर आज के रुद्राभिषेक में मांगलिक शर्मा मौजूद रहे।इस अवसर पर अरविंद, वंश दीक्षित, मयंक चौबे, अरुण सिरोठिया, नरेश, सोनू पांडा, मोनू, रानी गुप्ता, राखी पांडेय, राधा सुहाने सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में भक्तों ने 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण बनाया।

# विद्युत करंट की चपेट में युवक की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 4 अगस्त।** मंगलवार को दोपहर 19 वर्षीय युवक विद्युत की करंट चपेट पर आकर दर्दनाक मृत्यु हो गई। खबर के अनुसार ग्राम गढ़गुवा निवासी एवं तहसील कालपी अर्दली कर्मचारी जय सिंह का पुत्र बृजेंद्र सिंह अपने ग्राम घर में पूर्व की तरह था तभी विद्युत उपकरणों की वजह से करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से मरणासन्न में पहुंचा घटना की सूचना पाकर आए हुए पिता परिजनों ने करंट से झुलसे हुए लड़के को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु ले गए अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख ने मरीज के शरीर परीक्षण कर जांच की उसी समय उन्होंने युवक को मृत घोषित कर सूचना कोतवाली कालपी पुलिस को कार्यवाही करने के लिए दी वहीं सूचना पाकर उप निरीक्षक उपेंद्र शुक्ला पुलिस बल के साथ सीएचसी कालपी में पहुंचकर मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पुलिस अभिरक्षा में जिला मुख्यालय उरई पोस्टमार्टम हाउस भेजा।

# भाजपा की जिला कार्यशाला में हर घर तिरंगा अभियान की बनी रूपरेखा

**- 10 से 14 अगस्त तक जिले में निकाली जाएंगी भव्य तिरंगा यात्राएं,**

**- 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर होगा आयोजन**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला कार्यशाला एलडी सेलिब्रेशन गेस्ट हाउस उरई में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की।

मुख्य अतिथि रामकिशोर साहू ने बताया कि जिला कार्यशाला के बाद 6 अगस्त को जनपद के सभी 19 मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद 10 से 14 अगस्त तक जिले में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक तिरंगा यात्रा एक से दो किलोमीटर की होगी तथा 10 से 12 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। उन्होंने बताया कि 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम एवं स्वतंत्रता आंदोलनों से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया। जिला प्रभारी अशोक जाटव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरंगा फहराते हुए फोटो एवं सेल्फी लेकर नमो एप और सरल एप पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी साझा करें। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेंगर, कार्यक्रम संयोजक नीरज दुबे, रामानुग्रह राजावत, विनोद अहिरवार, रेखा वर्मा, रामजी राजपूत, अमित पांडेय, धीरज बाथम, रिशाल सिंह, मनोज यादव, आकाश गहोई सहित ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावन के प्रथम सोमवार पर वन विभाग बंगरा परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, 5.2 किलोग्राम का घंटा किया गया समर्पित

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन )** सावन माह के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर वन विभाग बंगरा परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धा, आस्था और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। वर्षों पुराने इस छोटे से शिव मंदिर का वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जनसहयोग से सुंदर सौंदर्यीकरण कराया। मंदिर परिसर में आकर्षक टाइल्स लगवाई गईं, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं, जिससे मंदिर का स्वरूप अत्यंत भव्य और आकर्षक दिखाई दिया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ को 5 किलो 200 ग्राम वजनी पीतल का घंटा श्रद्धापूर्वक समर्पित किया गया वन विभाग के अधिकारियों द्वारा चढ़ाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन, जलाभिषेक एवं महाआरती संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी रंजीत सिंह ने कहा कि 'धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं होते, बल्कि वे हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक भी हैं। वन विभाग का दायित्व केवल जंगलों और वन्य जीवों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऐसे आस्था स्थलों का संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। सभी लोगों को प्रकृति और धर्म, दोनों के प्रति समान श्रद्धा रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।' उन्होंने कहा कि सावन का पावन महीना हमें भगवान शिव की आराधना के साथ-साथ वृक्षों और प्रकृति के संरक्षण का भी संदेश देता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो यह भगवान भोलेनाथ की सच्ची सेवा होगी। कार्यक्रम में वन दरोगा अमित कुमार, वनरक्षक धनीराम, वन दरोगा काशी प्रसाद, वनरक्षक शिवम वैध, वनरक्षक ज्ञान सिंह, कुलदीप परिहार सहित वन विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया तथा मंदिर की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वन विभाग बंगरा द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की स्थानीय लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि इस पहल ने न केवल प्राचीन शिव मंदिर को नया स्वरूप दिया है, बल्कि समाज में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था का सकारात्मक संदेश भी पहुंचाया है।

# मोटरसाइकिल फिसलने से तहसील के दो कर्मचारी घायल

( यंग भारत न्यूज )





**उरई ( जालौन )।** मंगलवार को स्थानीय नगर के मुख्य बाजार टरननगंज स्थित एचडीएफसी बैंक के पास सरकारी ड्यूटी पर जाते समय मोटरसाइकिल फिसल जाने से तहसील कालपी में कार्यरत राजस्व विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर एवं राजस्व निरीक्षक घायल हो गए। दोनों घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कालपी में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज पुत्र रामबाबू (45 वर्ष) तथा राजस्व निरीक्षक सुरेश पुत्र बादाम सिंह, निवासी उरई, मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान एचडीएफसी बैंक के समीप उनकी मोटरसाइकिल अचानक फिसल गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्साधिकारी ने उनका प्राथमिक उपचार किया। घटना की सूचना मिलते ही तहसील कालपी के कई राजस्व कर्मचारी भी अस्पताल पहुंच गए और घायलों का हालचाल जाना।

# नवनिर्मित तहसील पार्किंग के किनारे अधिवक्ताओं व स्टाम्प विक्रेताओं को दी जायेगी जगह-एसडीएम सदर

## तहसील के बाहर से अतिक्रमण कारियों को हटाया जायेगा--उत्तम तिवारी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिला मुख्यालय उरई स्थित नवनिर्मित तहसील का लोकार्पण 25 जून प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये जाने के बाद नवनिर्मित तहसील में विधिवत कार्य शुरू हो गया है।उप जिलाधिकारी सदर उत्तम कुमार तिवारी ने बताया कि तहसील परिसर के अंदर मंदिर के बगल से बाउंड्री के किनारे अधिवक्ताओं को बैठने के लिए जगह दी जायेगी तथा बीच में वाहन पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि तहसील के बाहर जमे अतिक्रमणकारियों को हटाकर अधिवक्ताओं एवं स्टाम विक्रेताओं को जगह दी जायेगी। एसडीएम सदर उरई उत्तम कुमार तिवारी ने बताया कि तहसील परिसर में आधुनिक और व्यवस्थित कार्यालय कक्ष, डिजिटल रिकार्ड तथा इन लाइन सेवाओं की सुविधा है तथा जनता को बैठने के लिए सुरक्षित व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे से सुरक्षित परिसर को रखा जायेगा इसके साथ ही शुद्ध पेयजल व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जायेगा। इसके साथ जनता को त्वरित न्याय मिलने की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जायेगा।

# चेहुललुम नागपंचमी रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर्व को शांति से मनाएं





( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ ( जालौन )** चेहुल्लुम नागपंचमी रक्षाबंधन जन्माष्टमी कांवड यात्रा और श्रावण मास पर्व को आपसी सौहार्द के बीच शांतिपूर्वक मनायें धर्म गुरू व सामाजिक संगठन पर्वों को सकुशल मनाने में सहयोग करें कांवड़ यात्रा वाले मार्गों को पूरी तरह से दुरूस्त रहे चेहुल्लुम श्रावण मास को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए धर्म गुरूओं से संवाद स्थापित करते हुये कहा शांति समिति की बैठक में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि कोतवाली माधौगढ की सामाजिक सौहार्दता हमारी सबसे बड़ी पहचान है। इसलिए सभी आपसी समन्वय व भाईचारे के साथ सावन के पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये। कोतवाली सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक में धर्म गुरूओं, जन प्रतिनिधियों एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सावन माह के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा एवं सुविधाओं के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की और कहा कि आपसी समन्वय, सतर्कता एवं बेहतर व्यवस्थाओं के बीच सावन का पर्व मनायें। उन्होनें निर्देश दिये कि सभी धर्म गुरू सामाजिक संगठन आपसी समन्वय एवं सौहार्द बनाये रखते हुये पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें। को निर्देशित किया कि सावन माह के दौरान संवेदनशील स्थलों का लगातार निरीक्षण किया जाये।

अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विद्युत विभाग कांवड़ यात्रा मार्गों पर ढीले व झूलते विद्युत तारों को ठीक करायें और विद्युत की निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होनें सभी को अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध व प्रभावी ढंग से निर्वाहन करने के निर्देश दिये। यातायात व्यवस्था भी सुचारू रखने के लिए निर्देशित किया। वहीं लोगों ने बताया कि चौकी बंगरा में चेहुल्लम पर्व पर ताजिया निकलता है बाकी कोतवाली क्षेत्र माधौगढ में और कहीं ताजिया नहीं निकलते है इस मौके पर सभासद अरविंद सेंगर सदस्य जिला योजना समिति जालौन कारी दिलशाद हाफिज जावेद खांन जानमुहम्मद इरसाद अली अनिल सिंह प्रधान तेज सिंह वर्मा नगर पंचायत माधौगढ असलम नीतू चाहर कांस्टेबल सहित धर्म गुरू व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ उरई कल्याणी 311 की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** इनर व्हील क्लब ऑफ उरई कल्याणी 311 का इंस्टॉलेशन समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। समारोह में डिस्ट्रिक्ट एडिटर श्रीमती निर्मला सिंह मुख्य अतिथि, रेनू पांडे गेस्ट ऑफ ऑनर तथा आकांक्षा श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना से हुआ। इसके बाद निवर्तमान अध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष उषा सेठ को प्रेसिडेंट कॉलर एवं पिन पहनाकर विधिवत कार्यभार सौंपा। नई कार्यकारिणी में वाइस प्रेसिडेंट शशि माहेश्वरी, सचिव सविता चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव मंजू रावत, कोषाध्यक्ष मनीषा द्विवेदी, आईएसओ प्रियंका सेठ और एडिटर जया श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। समारोह का संचालन अरुणा सक्सेना एवं अलका रानी ने किया। इस अवसर पर क्लब की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत योग एवं फिटनेस की आकर्षक प्रस्तुति भी दी गई, जिसे अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। वाइस प्रेसिडेंट शशि माहेश्वरी ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# क्षत्रिय महासंघ भारत की संगोष्ठी संपन्न, संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

## गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाने का लिया निर्णय

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम गंथरा स्थित झाड़ी वाले बाबा परिसर में क्षत्रिय महासंघ भारत की संगोष्ठी प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह जादौन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संगोष्ठी में संगठन के विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाया जाएगा तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान संगठन की मजबूती और समाज की एकजुटता पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह भदौरिया, जिला महासचिव देवेंद्र सिंह भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह सेंगर, तहसील अध्यक्ष कोंच सुरेंद्र सिंह तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष कोंच नरेंद्र सिंह चंदेल, बाबू भदौरिया (चेयरमैन उमरी), लोकेंद्र सिंह बंगरा एवं लखपत सिंह भदौरिया सहित करीब 50 क्षत्रिय बंधु मौजूद रहे।कार्यक्रम के समापन पर तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर की ओर से झाड़ी वाले बाबा स्थल पर उपस्थित सभी क्षत्रिय बंधुओं को पारंपरिक दाल-गक्कड़ की भोजन प्रसादी कराई गई।

# वादकारियों को न्याय दिलाना होगी प्राथमिकता- संध्या

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन )** न्यायिक मजिस्ट्रेट बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता का स्थानांतरण कोंच होने के बाद लगातार महीनों से न्यायिक मजिस्ट्रेट का पद भार प्रशासनिक उपजिलाधिकारी ही देख रहे थे अब शासन की ओर से जनपद मैनपुरी से शाहजहांपुर से जनपद जालौन में स्थानांतरित होकर आई संध्या शर्मा ने तहसील माधौगढ का न्यायिक मजिस्ट्रेट का पदभार संभालते हुए हमारे तहसील प्रतिनिधि सविता से एक मुलाकात के दौरान बताया कि वह वादकारियों को न्याय देने में पीछे नहीं रहेगी कोई भी वादकारी को परेशान नहीं होना पडेगा न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होने बताया कि वह जनपद मैनपुरी से शाहजहांपुर से जनपद जालौन आई है वहीं माधौगढ़ तहसील में न्यायिक मजिस्ट्रेट पद का पदभार ग्रहण किया है सेवा की शुरूआत नायब तहसीलदार के रूप में अजीतमल औरैया से की है वहीं प्रोन्नति पाकर तहसीलदार के रूप में जनपद औरैया में रही हूं वहीं पुन प्रोन्नति पर उपजिलाधिकारी पद पर आसीन हूं जनपद इटावा और औरैया में सेवाएं रहीं है ग्रह जनपद आगरा बताया है एक सवाल के जबाव में उन्होने दो टूक कहा कि मेरे कोर्ट में न्याय के लिए नहीं भटकना पडेगा न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी

# तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने पहले स्कूटी, फिर ई-रिक्शा को मारी जोरदार टक्कर, कई यात्री घायल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उरई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम राहिया स्थित नीलगिरी फैक्टरी के सामने मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो यूपी 92 एस-9653 तेज रफ्तार में अनियंत्रित हो गई। सबसे पहले उसने एक स्कूटी को जोरदार टक्कर मारी, इसके बाद आगे जाकर एक ई-रिक्शा में भी टक्कर मार दी, जिसमें कई सवारियां बैठी थीं। हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा में बैठे कई यात्री घायल हो गए। स्कॉर्पियो की आगे की सीट पर बैठी एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई और उसके सिर से काफी खून बहने लगा। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कई घायल सड़क पर ही पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल, जालौन भेजा, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो यूपी 92 एस-9653 को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों की संख्या और उनकी स्थिति की आधिकारिक पुष्टि पुलिस व स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी।

# उरई स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान, 79 यात्रियों से 76,550 का जुर्माना वसूला

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** झांसी-कानपुर रेलखंड पर मंगलवार को उरई स्टेशन से गुजरने वाली आठ ट्रेनों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट और अनियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 79 यात्रियों से 76,550 का जुर्माना वसूला गया।




सीटीआई ज्ञान सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में 20104 संत कबीर नगर एक्सप्रेस, 12174 उद्योग नगरी एक्सप्रेस, 12144 सुल्तानपुर-मुंबई एक्सप्रेस, 12107 सीतापुर एक्सप्रेस, झांसी-कानपुर एवं कानपुर-झांसी मेमू पैसेंजर (64607/64608), 11124 बरौनी-ग्वालियर मेल तथा 12521 राप्तीसागर एक्सप्रेस सहित विभिन्न ट्रेनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे 41 यात्रियों से ?53,450 का जुर्माना वसूला गया। वहीं अनियमित टिकट अथवा अन्य नियमों का उल्लंघन कर यात्रा करने वाले 25 यात्रियों से 19,700 का जुर्माना लिया गया। इसके अलावा स्टेशन परिसर और ट्रेनों में गंदगी फैलाने वाले 13 यात्रियों पर 3,500 का जुर्माना लगाया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं ताकि बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाई जा सके, रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित हो तथा यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े। अभियान में टिकट निरीक्षक चेतराम वर्मा, प्रदीप कुमार, दीपक गुप्ता, रविंद्र कुमार, अमित गुप्ता, सूरज साहू और नरेंद्र यादव ने सक्रिय रूप से ट्रेनों की जांच कर कार्रवाई की। रेलवे ने यात्रियों से वैध टिकट लेकर ही यात्रा करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

# रेल लाइन पर सीमेंट का टुकड़ा रखकर ट्रेन की सुरक्षा से खिलवाड़

### -आरपीएफ ने आरोपी को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा 153 में दर्ज किया मुकदमा

### -रेल लाइन पर सीमेंट का टुकड़ा रख शरारत करने वाला आरोपी गिरफ्तार, आरपीएफ की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/पुखरायां।** चौरा और पुखरायां रेलवे स्टेशनों के बीच रेल लाइन पर सीमेंट-कंक्रीट का टुकड़ा रखकर ट्रेन संचालन में बाधा उत्पन्न करने और यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 153 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

मंगलवार तड़के डीएससीआर झांसी से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 20103 एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस के चालक ने किलोमीटर संख्या 1285/28 पर इंजन से किसी ठोस वस्तु के टकराने की जानकारी दी है। सूचना मिलते ही आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक राम किशोर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण में रेल लाइन के पास करीब 9 इंच लंबा और 5 इंच चौड़ा सीमेंट-कंक्रीट का टूटा हुआ टुकड़ा बरामद हुआ। बाद में सीएलआई झांसी और ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने भी मौके का निरीक्षण कर संयुक्त जांच रिपोर्ट तैयार की।

तलाशी अभियान के दौरान रेलवे की पुरानी इमारत के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश बाबू (60) पुत्र दुलारे, निवासी ग्राम बिचाई पुरवा, थाना बकेवर, जिला फतेहपुर बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि रेलवे कर्मचारियों द्वारा ओवरब्रिज के नीचे कंटीले तार लगाकर रास्ता बंद किए जाने से वह नाराज था। इसी आक्रोश में उसने रेल लाइन पर सीमेंट का टुकड़ा रख दिया। हालांकि उसने दावा किया कि उसका उद्देश्य ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त करना नहीं था।

आरपीएफ ने आरोपी को हिरासत में लेकर रेलवे सुरक्षा बल आउट पोस्ट पुखरायां में अपराध संख्या 619/2026 के तहत रेलवे एक्ट की धारा 153 में मुकदमा दर्ज किया। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी उरई और वरिष्ठ खंड अभियंता (पी-वे) ने भी मौके का निरीक्षण किया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि रेल पटरियों से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लगातार बरसते बादलों ने उमस और तेज गर्मी से दिलाई राहत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सोमवार रात से शुरू हुई रिमझिम बारिश का सिलसिला मंगलवार को भी पूरे दिन जारी रहा। लगातार बरसते बादलों ने उमस और तेज गर्मी से लोगों को राहत दिलाई। बारिश के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित रही। सुबह से ही आसमान घने बादलों से ढका रहा और बीच-बीच में तेज व हल्की बारिश होती रही।

बारिश के कारण नगर की प्रमुख सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक परेशान नजर आए, जिन्हें फिसलन और पानी से भरी सड़कों के बीच सावधानी से सफर करना पड़ा। स्कूल, कॉलेज और कार्यालय जाने वाले लोगों को भी बारिश से बचने के लिए छाता और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। कई स्थानों पर लोग दुकानों और शेड के नीचे खड़े होकर बारिश थमने का इंतजार करते दिखाई दिए। लगातार हो रही बारिश का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दिया। सामान्य दिनों की तुलना में बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम रही। व्यापारियों का कहना है कि खराब मौसम के कारण खरीदारी प्रभावित हुई। लगातार हो रही बारिश से नगर का मौसम पूरी तरह खुशनुमा हो गया और लोगों को लंबे समय बाद गर्मी से राहत मिली।

# स्वयं सहायता समूह की महिला को ऑटो चलाना सिखा रहा था चालक, पलट गया ऑटो, दो घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लेकर लौट रहा ऑटो के चालक से एक महिला ने ऑटो चलाने की इच्छा जताई। चालक ने जब वाहन का नियंत्रण महिला के हाथ में दिया तो ऑटो पलट। हादसे में दो महिलाएं मामूली तौर पर चोटिल हुईं।

स्वयं सहायता समूह की 28 महिलाएं जालौन में प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद प्रतापपुरा रोड पर चार अलग-अलग ऑटो रिक्शा से अपने गांव लौट रही थीं। प्रतापपुरा गांव के समीप एक ऑटो में बैठी महिला ने चालक से वाहन चलाने की इच्छा जताई। चालक ने लापरवाही बरतते हुए चलते ऑटो की कमान महिला को सौंप दी। अनुभव न होने के कारण महिला वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सकी और ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि ऑटो में सवार सिर्फ दो ही महिलाओं को मामूली चोटें आईं।

# पीड़ादायक लंबी बीमारी से त्रस्त महिला ने फांसी लगा कर दे दी जान, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के गोहन थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुरा गांव में मंगलवार को एक 51 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में महिला के लंबे समय से बीमार रहने के कारण आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पृथ्वीपुरा निवासी अखिलेश सिंह सेंगर की पत्नी सुनेना देवी पिछले लगभग तीन वर्षों से अस्वस्थ चल रही थीं। मंगलवार सुबह वह घर में अकेली थीं। इसी दौरान उन्होंने दरवाजे की चौखट पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति अखिलेश सिंह सेंगर ने बताया कि वह सुबह हलवाई की बुकिंग के सिलसिले में घर से बाहर गए थे। उस समय उनकी पत्नी चारपाई पर आराम कर रही थीं। दोपहर में लौटने पर उन्होंने पत्नी को फंदे से लटका देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही इटो चौकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह तथा गोहन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



परिजनों के अनुसार, दंपति घर में अकेले रहते थे। उनका पुत्र अहमदाबाद (गुजरात) में पानी-पूरी का व्यवसाय करता है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुशवाहा ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला के लंबे समय से बीमार रहने की जानकारी सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# खेत पर गई 48 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, पुलिस तलाश में जुटी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बरियापुर निवासी 48 वर्षीय सुनीता देवी 2 अगस्त 2026 से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हैं। परिजनों के अनुसार वह खेत पर गई थीं, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग सका।



परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने कुठौंद थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर महिला की तलाश कराने की गुहार लगाई। कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा प्रसाद दुबे ने बताया कि लापता महिला की फोटो आसपास के सभी थानों में भेज दी गई है तथा उनकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है। लापता सुनीता देवी की उम्र लगभग 48 वर्ष बताई गई है। उनका रंग गोरा तथा शरीर कमजोर है। यदि किसी व्यक्ति को उनके संबंध में कोई जानकारी मिले तो वह तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या उनके परिजनों को सूचना दे। परिजनों ने प्रशासन से महिला को शीघ्र सकुशल बरामद कर घर पहुंचाने की अपील की है।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला कौंसिल की आवश्यक बैठक पार्टी के जिला कार्यालय मजदूर भवन कोंच रोड उरई मे कामरेड रमेश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिसमे पार्टी के राज्य कौंसिल के निर्णयानुसार आगामी 6 अगस्त 2026 से गाँव – गांव पदयात्रा जो 14 अगस्त 2026 तक चलेगी। जिसका मुख्य फोकस केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ, देश आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहा है, बेहताशा बढती मंहगाई, भृष्टाचार, रोजी, रोजगार, किसानो,छात्रों, नवजवानौ, मजदूरों महिलाओ, मिडडे-मील रसोइया, आँगनवाडी, आशाकर्मिय की नौकरी नियमित कराने आदि समस्याओ को लेकर पदयात्रा के माध्यम से, नुकक्ड सभा के माध्यम से जागरूक कर आगामी 1सितम्बर 2026 को 'बदलाव जरुरी है' दिल्ली के रामलीला मैदान मे विशाल रैली का भव्य आयोजन किया जायेगा। बैठक मे कामरेड सुधीर अवस्थी, कामरेड देवेश चौरसिया, संजय पाठक, गिरन्द सिंह, विनय पाठक, विजय सिंह, भारत सिंह, रज्जाक, भानुप्रताप सिंह, शारदा पांचाल, गीता चौधरी, लल्ला बेटी पाल, सुखपाल सिंह, रहमान गायर, राम किशोर गुप्ता आदि साथी उपस्थित थे।

# तालाब किनारे ग्राम सभा की जमीन पर अवैध मकान निर्माण का आरोप

### डीएम को संबोधित शिकायती पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** डकोर विकास खंड के ग्राम धरमुवां निवासी भीकम सिंह पुत्र स्व. खेमचन्द्र ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र सिटी मजिस्ट्रेट देकर ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किए जाने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में बताया गया कि तालाब किनारे प्राणपाठशाला के पास स्थित ग्राम सभा की जमीन पर भगवती प्रसाद पुत्र स्व. अमर सिंह व कृष्ण कुमार पुत्र भगवती प्रसाद द्वारा कथित रूप से कब्जा कर मकान निर्माण कराया जा रहा है।



शिकायतकर्ता के अनुसार, निर्माण कार्य रोकने के लिए कई बार मना करने के बावजूद निर्माण जारी रहा। आरोप है कि लेखपाल को सूचना दिए जाने के बाद जांच कर निर्माण रुकवाने के निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद कथित रूप से निर्माण कार्य जारी रखा गया। शिकायत में ग्राम प्रधान राम सिंह पर भी भगवती प्रसाद का पक्ष लेने तथा नजूल की सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान निर्माण कराने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मामले की जांच के लिए टीम गठित कर ग्राम सभा की जमीन पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को हटवाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या एवम पॉक्सो के दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल एवं कोतवाली उरई पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने हत्या के एक मामले में अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 23,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त अवनीश राजपूत निवासी ग्राम कैरी, थाना रामपुरा, हाल पता बीबी मंदिर के पीछे, गांधीनगर मोहल्ला, उरई के विरुद्ध कोतवाली उरई में वर्ष 2023 में धारा 135(2), 303/366/376(2) एवं 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) न्यायालय, जालौन ने सुनवाई पूरी होने के बाद अभियुक्त को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 23 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधीक्षक ने मामले की सफल पैरवी करने वाली मॉनिटरिंग सेल, अभियोजन अधिकारी एवं संबंधित पुलिस टीम की सराहना की।

# भैंस बांधने को लेकर बढ़ा विवाद, मारपीट से बुजुर्ग की मौत

### पीड़ित पक्ष ने एफआईआर की दी तहरीर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई /कदौरा।** थाना कदौरा क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर में भैंस बांधने को लेकर हुए मामूली विवाद ने दुखद मोड़ ले लिया। विवाद के दौरान हुई मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, ग्राम ताहरपुर निवासी जगराम कुशवाहा (70 वर्ष) और सगनू राईन (70 वर्ष) के बीच भैंस बांधने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान आक्रोशित जगराम कुशवाहा ने सगनू राईन के निजी अंग पर लात मार दी, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन एवं ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कदौरा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना कदौरा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं, मृतक के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# माधौगढ नगर मे डीजे गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ जालौन।** माधौगढ नगर मे छोटी माता मन्दिर से महिला पुरषों युवाओं युवतियों ने सिर पर कलश रख कर सभी मन्दिरो के डीजे गाजे बाजे साथ समस्त मन्दिरो के दाशन किये लगभग 10 बाषो से कायकृम काराते आ रहे है

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के पावन अवसर पर त्रिवेणी ज्ञान गंगा समागम का आयोजन होने जा रहा है जिसमें महांत श्री श्री1008 सुशील महाराज के सानिध्य में एवं समस्त , नगर वासीयो। एवं ग्रामवासी के सहयोग से कार्यक्रम हो रहा है जिसमें आज 3/8/26 दिन सोमवार को कलश यात्रा होगी और 4/8/26 दिन मंगलवार से श्री शिव महापुराण का आयोजन होगा जो की 10 तारीख तक चलेगा इसके बाद 11 तारीख से श्री राम कथा का आयोजन 17 तारीख तक होगा इसी बीच में 11/8/26 से श्री रामलीला का आयोजन (पंचम अलबेला जी) के द्वारा किया जाएगा और 18/8/2026 से 24 8/26 तक श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन होगा एवं 24 तारीख को शिव जी का रुद्राभिषेक होगा और 51 किलो सामग्री का विशाल महायज्ञ हवन होगा 25/08/26 को विशाल भंडारा किया जाएगा जिसमें हमारे कमेटी सदस्य बबलू चौरसिया,पर्वत राठौर संजय नगरिया, सुरेंद्र राठौर, केशव कुशवाहा ,धर्मेंद्र वेध, उपेंद्र बैध, जीतू कुशवाहा , हर्ष नगरिया सचिन कुशवाहा , प्रियांशु कुशवाहा,कल्लू राजावत,मुनेश मेंबर, मनोहर कुशवाहा, अजीत बजाज, राहुल गुप्ता, श्याम रावत,मोहित चौरसिया, छोटू राठौर, निखिल भादौरिया, नीशू दुवे, अंकुल गुप्ता, कल्लू रावत,अंकुर गुप्ता, राजू गुप्ता, गिरीश बिश्नोई, शिवदीप सविता, सौरव गुप्ता, हैप्पी रावत, रिंकू तरसौलिया, अजीत गुप्ता, गौतम याज्ञिक, मुकेशराठौरगिरीश राजावत, रविंद्र कुशवाहा, राजू कुशवाहा, ऋषभ गुप्ता, राजू रेजा, राहुल कुशवाहा, होरीलाल, राहुल राठौर, सोनू चौरसिया, प्रिंस राठौर,आकाश चौरसिया, छोटू कुशवाहा, ऋतुराज शर्मा, पप्पू व्यास, रितिक शर्मा, कृष्णा व्यास, सोनू तोमर, बॉबी कुशवाहा, गोपाल गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, वाल सिंहकुशवाहा, संदीप कुशवाहा, धर्मेंद्र डॉक्टर, चंदौले कुशवाहा, देवांश गुप्ता, अनुज गुप्ता, धीरज कुशवाहा, शीलू महाराज,गणेशी राजावत अदि मौजूद रहे



# वारंटी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त 1. अमोल सिंह पुत्र श्याम सिंह 2. शिवकुमार पुत्र मन्ना सिंह निवासीगण ग्राम नीमगांव थाना कुठौन्द जनपद जालौन जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।

# 19 हजार 324 वोटों से जीते प्रशांत किशोर, नितिन नवीन के गढ़ में जाकर बीजेपी को हराया

**( यंग भारत न्यूज )**

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बड़ा राजनीतिक उलटफेर करते हुए बीजेपी के लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को समाप्त कर दिया है.प्रशांत किशोर ने बीजेपी प्रत्याशी नीरज कुमार को 19 हजार 324 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की. वहीं राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं.



बांकीपुर में प्रशांत किशोर की जीत के बाद जन सुराज के कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है. सड़कों पर कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दे रहे हैं. प्रशांत किशोर ने काउंटिंग की शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और यह आखिरी तक जारी रही. ऐसे अब बांकीपुर को नये विधायक के रूप में प्रशांत किशोर मिल गए हैं. प्रशांत किशोर एएन कॉलेज पहुंचे थे. यहां उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत की. इस दौरान अपनी जीत पर पीके ने कहा, यह बांकीपुर की जनता की जीत है. पीके ने आगे कहा कि जनता ने केंद्रीय नेतृत्व को यह संदेश दिया है कि बिहार का सीएम किसी अच्छे आदमी को बनाया जाए. उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने वोट दिया उन्हें धन्यवाद. जो वोट नहीं दिए उनका विश्वास जीतने का काम करेंगे. जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर रोहतास जिले के रहने वाले हैं. जिले के कोनार गांव में उनका जन्म 20 मार्च 1977 को हुआ था. लेकिन इसके बाद पीके का परिवार बक्सर में शिफ्ट हो गया. प्रशांत किशोर ने अपनी शुरुआती पढ़ाई बिहार में ही की. उन्होंने 1991 में बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड से एम.पी. हाई स्कूल, बक्सर से 10वीं पास की. फिर साल 1993 में पटना साइंस कॉलेज से 12वीं की पढ़ाई पूरी की.इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने लखनऊ यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया. यहां से उन्होंने बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री हासिल की. इसके बाद हैदराबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया मास्टर ऑफ हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन किया. पीके ने विदेश जाकर भी पढ़ाई की. उन्होंने फ्रांस के CAVILAM Vichy से फ्रेंच बोलना सीखा. पॉलिटिक्स में आने से पहले पीके संयुक्त राष्ट्र की फंडिंग वाले पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम में काम किए, जिसमें उन्होंने प्रोजेक्ट्स पर काम किए. यहीं से उन्होंने प्रशासन और नीतियों को समझा. जानकारी के मुताबिक, प्रशांत किशोर ने यूएन छोड़ने के बाद पॉलिटिक्स में आने का फैसला लिया. उन्होंने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी की स्थापना की और चुनावी रणनीति बनाने का काम शुरू किया. उन्होंने कई बड़े नेताओं जैसे कि पीएम नरेंद्र मोदी, पूर्व सीएम नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, कैप्टन अमरिंदर सिंह, ममता बनर्जी समेत अन्य के साथ काम किया और पार्टी के जीत की रणनीति बनाई. इसलिए उन्हें राजनीतिक रणनीतिकार भी कहा जाता है. इसके बाद 2 अक्टूबर 2024 में उन्होंने खुद की पार्टी 'जन सुराज' बनाई. इसके बाद उन्होंने पदयात्रा के साथ-साथ कई अभियान किए. पूरे बिहार में वह घूमे और लोगों से मुलाकात की. अपने संगठन को मजबूत बनाने का हर प्रयास किया और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में लगभग सभी सीटों पर जन सुराज के कैंडिडेट उतारे. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में तो जन सुराज नहीं जीत पाई. लेकिन बिना हार माने बांकीपुर उपचुनाव में जन सुराज फिर उतरी. इस बार प्रशांत किशोर खुद ही कैंडिडेट बने और जीत हासिल की. नामांकन के बाद उन्होंने लोगों के बीच जमकर प्रचार-प्रसार किया था. इसके साथ ही आम लोगों के मुद्दों को उठाया था. ऐसे आज इसका परिणाम भी उन्हें मिल गया है.

# एक मंदिर में शिवलिंग तोड़ा, दूसरे में खंडित की हनुमान मूर्ति; सावन के पहले सोमवार को बड़ा बवाल

**( यंग भारत न्यूज )**

प्रदेश के संतकबीरनगर में दो अलग अलग मंदिरों में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है. जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में अराजक तत्वों ने एक मंदिर में घुसकर शिवलिंग और मां पार्वती की प्रतिमा तोड़ दी और खंडित अवशेषों को पास के पोखरे में फेंक दिया.



वहीं एक अन्य मंदिर में बजरंग बली की मूर्ति तोड़ दी. घटना सावन के पहले सोमवार की है. घटना के बाद श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया. पुलिस के मुताबिक पहली घटना धर्मसिंहवा नगर पंचायत क्षेत्र के पश्चिम मनसा पोखरे के पास स्थित शिवालय की है. सोमवार की सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचे तो वहां शिवलिंग और माता पार्वती की प्रतिमा अपने स्थान पर नहीं मिली. मंदिर में तोड़फोड़ के निशान देखकर लोगों को अनहोनी का अंदेशा हुआ. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पोखरे में तलाश कराई, जहां दोनों प्रतिमाएं बरामद हुई. इसी प्रकार दूसरी घटना हरैया गांव के सिवान में स्थित समय मंदिर की है. यहां अराजक तत्वों ने मंदिर में घुसकर हनुमान जी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया. सुबह जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो मौके पर भीड़ जुट गई. लगातार दो मंदिरों में हुई घटनाओं से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया. सूचना मिलते ही एएसपी सुशील कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. घटनास्थल का जायजा लेने के बाद उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त धार्मिक स्थल पर दोबारा से मूर्ति की स्थापना कराई. पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है. इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है. उधर, घटना को लेकर सनातन धर्म प्रचार समिति धर्मसिंहवा के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी और विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

# 15 साल की उम्र मे मां बनी, अब ससुर,देवर लूट रहे इज्जत, गिरफ्तार नही कर रही पुलिस

**( यंग भारत न्यूज )**




बस्ती जिले केदुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने रेप के मामले मे आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग किया है। युवती ने गिरफ्तारी न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दिया है। आरोप ससुर अलीकमर और देवर अल्तमस पर है।

युवती का शौहर दिल्ली मे रहकर पढ़ाई करता है। आपको बता दें युवती इससे पहले दो बार सुसाइड करने की कोशिश कर चुकी है।छुट्टियां व मौसमी आयोजन युवती की तहरीर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दुबौलिया पुलिस ने 11 जून को बीएनएस की धारा 85,64, 115(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। लेकिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने मे कोई रूचि नही दिखाई। आरोपियों की धमकियों और जिल्लत से परेशान युवती ने 24 जून को एसपी से मुलाकात कर इंसाफ अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग की। एसओ दुबौलियां से बात करने पर उन्होने बताया कि मामला महला थाने को ट्रांसफर कर दिया गया है। शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका पूरा मामलायुवती के मुताबिक करीब 8 साल पहले 14 साल की उम्र मे गांव के ही आवेश पुत्र अलीकमर ने उसके साथ बलात्कार किया। वह गर्भवती हो गई। नाबालिग के साथ बलात्कार के जुर्म मे जेल न जाना पड़े इसलिये आवेश के परिजनों ने युवती और उसके परिजनों पर दबाव बनाकर उसका आवेश से निकाह करा दिया। इसके बाद आवेश पढ़ाई की बात कहकर दिल्ली गया और फिर वापस नही लौटा। 15 साल की उम्र मे युवती मां बन गई। लेकिन उसके शौहर ने उससे और बेटी से कोई सम्बन्ध नही रखा।यहां तक कि उसका और बेटी का आधार कार्ड तक नही बनवाया और कोई मिल्कियत भी नही खरीदी। युवती का आरोप है कि आवेश और उसके परिवार के लोग उसे जान से मारना चाहते हैं। मजबूरी का फायदा उठाकर ससुर अलीकमर और देवर अल्तमस ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया। कभी नशीला पदार्थ खिलाकर तो कभी गरदन पर चाकू रखकर। कई बार सात साल की बेटी ने गलत तरीके से छूते और आपत्तिजनक स्थिति मे कमरे मे ले जाते हुये देखा है। इस अपमानजनक जीवन से छुटकारा पाने के लिये युवती दो बार सुसाइड करने की कोशिश कर चुकी। आरोप यह भी है युवती ने जब ससुर और देवर द्वारा की जा रही हैवानियत से अपनी सास शबनम को अवगत कराया तो उसने डंडे से मार दिया जिससे उसका हाथ टूट गया। पूरा मामला शौहर को फोन पर बताया तो उसने कहा तुम जियो या मरो, हमसे कोई मतलब नही है। युवती ने कहा उसकी बेटी और उसे जान का खतरा है। आरोपी, शौहर और सास शबनम लगातार मुकदमा उठाने का दबाव बना रहे हैं और कह रहे हैं मुकदमा उठा लो वरना जान से मार देंगे। इस मामले मे पुलिस ने अपना काम नही किया तो कोई भी वारदात हो सकती है इसलिये सतर्कता जरूरी है।

# भाई की गर्लफ्रेंड की कब्र के पास पहुंचते ही बहनों की निकल पड़ी चीख, सामने था खौफनाक मंजर

**( यंग भारत न्यूज )**

7 अक्टूबर, 2023 को नरसंहार में आतंकी संगठन हमास के हाथों मारी गई युवती के बॉयफ्रेंड ने अब बड़ा और चौंकाने वाला कदम उठाया है. शनिवार (01 अगस्त, 2026) को बॉयफ्रेंड ने युवती की कब्र के पास खुद को गोली मारकर जान दे दी.




यह चौंकाने वाली और दुखद घटना पिछले शनिवार को हुई, जब 30 वर्षीय बार अशरफ ने लिरोन बरदा की कब्र के पास खुद को गोली मार ली. नोवा म्यूज़िक फेस्टिवल में शामिल होने के दौरान गर्लफ्रेंड लिरोन बरदा की हत्या कर दी गई थी. अशरफ वेस्ट बैंक के एल्काना कब्रिस्तान में अपनी बहन को छाती पर गोली लगी हालत में मिला. इमरजेंसी सर्विस के तुरंत पहुंचने के बावजूद, उसे मृत घोषित कर दिया गया. इज़राइली आउटलेट वाला से बात करते हुए उसकी बहन लेही ने उस दिल दहला देने वाले पल का ज़िक्र किया जब उसे अपने भाई का शव मिला. उसने बताया कि हम मेरे दूसरे भाई की शादी में थे. इस दौरान उसे शायद अकेलापन महसूस होने लगा और शादी समारोह छोड़कर वह चला गया. मुझे लगा कि वह अकेला रहने और सोचने गया है, जैसा वह अक्सर करता था.एक-दो घंटे बीतने पर मेरी बड़ी बहन ने कहा कि चलो उसे ढूंढते हैं. पहले उन जगहों पर जहां उसके होने की सबसे ज़्यादा संभावना थी, और फिर हमने सोचा कि उसने लिरोन बरदा की कब्र पर देखते हैं, क्योंकि उसे वहां बातें करना और उसके साथ रहना पसंद था. अचानक उन्होंने उसे लिरोन की कब्र के पास पड़ा देखा. मैंने उससे कहा कि उठो, तुम फिर क्या कर रहे हो ? फिर मुझे एहसास हुआ कि वह खून से लथपथ था. मेरा पैर उसके पास पड़ी बंदूक पर पड़ा तो मैं चीख पड़ी. मैं कुछ समझ नहीं पा रही थी. मुझे पता था कि सब खत्म हो गया है. उसने उसी जगह दम तोड़ा जहां वह सबसे ज़्यादा रहना चाहता था, उस महिला के साथ जिसके साथ वह सबसे ज़्यादा रहना चाहता था. वेस्ट बैंक के एल्काना कब्रिस्तान में अशरफ़ की बहन को उसकी छाती पर गोली लगी हुई लाश मिली.यहां पर बता दें कि लिरोन बरदा बारडा नोवा फ़ेस्टिवल में बार मैनेजर के तौर पर काम कर रही थी. अशरफ और उसकी गर्लफ्रेंड बारडा, जिनकी लगभग तीन साल पहले नोवा म्यूज़िक फ़ेस्टिवल में हत्या कर दी गई थी. बारडा नोवा फ़ेस्टिवल में बार मैनेजर के तौर पर काम कर रही थी. हालाँकं उसके दोस्तों और परिवार ने उससे आतंकी हमले के दौरान भागने की गुज़ारिश की थी, लेकिन वह घायलों की मदद करने के लिए वहीं रुकी रही. वहीं, अशरफ का अंतिम संस्कार रविवार को हुआ और उसे नए नहल रब्बा कब्रिस्तान में दफनाया गया. अप्रैल 2024 में खबर आई थी कि नरसंहार के बाद के छह महीनों में नोवा हमले से बचे 50 लोगों ने अपनी जान दे दी थी. इसके बाद भी ऐसे मामले सामने आए हैं, जैसे रोई शालेव का मामला, जिसने पिछले साल अक्टूबर में खुद को आग लगा ली थी. शालेव अपनी प्रेमिका की हत्या देखने के दो साल बाद, नेतान्या के पास एक हाईवे एग्जिट पर जलती हुई गाड़ी में मृत पाया गया था.

# पग फेरे के लिए मध्य प्रदेश आई नवविवाहिता मौका पाकर नकदी और जेवरात से भरा बैग लेकर हुई फरार, राजस्थान के युवक से किया था विवाह

**धामनोद।** क्षेत्र में शादी के नाम पर कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाह के कुछ दिन बाद पग फेरे के लिए मध्य प्रदेश आई नवविवाहिता धामनोद में मौका पाकर नकदी और जेवरात से भरा बैग लेकर लापता हो गई।



पीड़ित पक्ष ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार राजस्थान के ब्यावर जिले के बिराटिया खुर्द निवासी भगवानलाल पुत्र लक्ष्मण का विवाह कुछ दिन पूर्व सनावद में बिचौलियों के माध्यम से बड़वानी जिले की एक युवती से कराया गया था।बताया गया कि विवाह के लिए दोनों पक्षों के बीच तय राशि का लेन-देन भी हुआ था। विवाह के बाद नवविवाहिता करीब छह दिन तक अपने पति के साथ राजस्थान में रही। इसके बाद दोनों पग फेरे के लिए मध्य प्रदेश आए। धामनोद में नाश्ते और शौचालय जाने की बात कहकर निकली स्वजन के अनुसार धामनोद में यात्रा के दौरान नवविवाहिता ने शौचालय जाने और नाश्ता करने की बात कही। इसी दौरान वह नकदी और जेवरात से भरा बैग लेकर वहां से चली गई। काफी देर तक इंतजार करने और आसपास तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उनके रिश्तेदारों की पहचान बड़वाह क्षेत्र के हमीर सिंह और राजू नामक व्यक्ति से हुई थी। उसी ने युवती से विवाह कराने की बात कही और विवाह की पूरी प्रक्रिया कराई। घटना के बाद स्वजन लगातार हमीर सिंह से संपर्क करते रहे, लेकिन पहले टालमटोल की गई और बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। भगवानलाल के स्वजन का आरोप है कि जब उन्होंने दुल्हन को वापस लाने अथवा विवाह में खर्च की गई राशि लौटाने की मांग की, तो उन्हें कथित रूप से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ितों ने धामनोद पुलिस थाने में लिखित आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की, लेकिन पीड़ित थाना क्षेत्राधिकार को लेकर भटक रहे हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि धामनोद पुलिस उन्हें सनावद थाना जाने की बात कह रही है, जबकि सनावद पुलिस का कहना है कि घटना धामनोद क्षेत्र की है, इसलिए कार्रवाई वहीं से होगी। इस कारण अब तक प्रकरण दर्ज नहीं हो सका है। पीड़ित के रिश्तेदार विकास चोयल ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रकरण दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। उनका कहना है कि नवविवाहिता धामनोद से ही नकदी और जेवरात लेकर लापता हुई थी, इसलिए घटनास्थल धामनोद ही है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्च पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की मांग करेंगे। पीड़ित पक्ष का दावा है कि हमीर सिंह के विरुद्ध बागली सहित अन्य क्षेत्रों में भी शादी के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायतें की गई हैं।

# पत्नी की हत्या के बाद भी नहीं भागा आरोपी... शव के पास बैठकर करता रहा ऐसा काम, देखकर सहम गए लोग

**( यंग भारत न्यूज )**




रतलाम: मध्य प्रदेश के रतलाम जिले से पति-पत्नी के रिश्ते को झकझोर देने वाली एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक युवक पर अपनी ही पत्नी की धारदार चाकू से गला रेतकर हत्या करने का आरोप है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वारदात को अंजाम देने के बाद भी आरोपी वहां से फरार नहीं हुआ, बल्कि खून से सना चाकू हाथ में लेकर पत्नी के शव के पास बैठा रहा। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग दहशत में आ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल हत्या के पीछे की असली वजह का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में हत्या के स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। यह घटना रतलाम जिले के माणक चौक थाना क्षेत्र स्थित सुनार बावड़ी इलाके के बोरा वाकल हनुमान डूंडी रोड की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार घटना के समय घर में केवल पति असगर अली, उसकी पत्नी रूकैय्या और उनके बच्चे मौजूद थे। आरोपी के माता-पिता किसी जरूरी काम से शहर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक घर के अंदर से महिला की तेज चीख-पुकार सुनाई दी। आसपास रहने वाले लोगों ने जब चीखें सुनीं तो उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। पड़ोसी तुरंत घर की ओर दौड़े, लेकिन अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब लोग घर के अंदर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि महिला बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी हुई थी। आरोप है कि आरोपी पति हाथ में धारदार चाकू लिए हुए था और पत्नी पर हमला कर रहा था। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि आरोपी बेहद आक्रामक अवस्था में दिखाई दे रहा था। उसका गुस्सा देखकर कोई भी उसके करीब जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। स्थिति को देखते हुए पड़ोसी तुरंत घर से बाहर निकल आए और पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल के बाहर इकट्ठा हो गए, जबकि पुलिस के पहुंचने तक किसी ने भी आरोपी के पास जाने का साहस नहीं किया। इस घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह बताया जा रहा है कि पत्नी की हत्या के बाद भी आरोपी वहां से फरार नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह खून से सना चाकू हाथ में लेकर पत्नी के शव के पास ही बैठा रहा। आसपास मौजूद कुछ लोगों ने दूर से इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस ने वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और न ही उसकी प्रामाणिकता पर कोई टिप्पणी की है।

# जिस थाली में खाया उसी में किया छेद: रिलायंस ज्वेलर्स में लाखों के सोने की चोरी का मास्टरमाइंड निकला पूर्व कर्मचारी, अब पहुंचा सलाखों के पीछे

**( यंग भारत न्यूज )**

राजधानी रायपुर के गोलबाजार थाना क्षेत्र स्थित रिलायंस ज्वेलर्स में लाखों रुपये के सोने के आभूषणों की हेराफेरी के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मामले में स्टोर का पूर्व कर्मचारी ही चोरी और धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी निकला। पुलिस ने आरोपी मनोज यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

गोलबाजार थाना पुलिस के अनुसार, रिलायंस ज्वेलर्स के स्टोर मैनेजर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि स्टोर में रखे करीब 103.832 ग्राम वजन के 22 कैरेट सोने के तीन सेट (पांच कंगन) की जगह उसी वजन और डिजाइन के नकली कंगन रख दिए गए थे। इस हेराफेरी से कंपनी को लगभग 17.50 लाख रुपये का नुकसान हुआ। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 316(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल जोन तारकेश्वर पटेल के निर्देश पर परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक अमित कोसमा और थाना प्रभारी निरीक्षक स्वराज त्रिपाठी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई। जांच के दौरान संदेह स्टोर के पूर्व कर्मचारी मनोज यादव पर गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी शुरुआत में खुद को निर्दोष बताता रहा और जांच को भटकाने का प्रयास करता रहा। हालांकि, दस्तावेजी साक्ष्य, स्टॉक ऑडिट रिपोर्ट, तकनीकी जांच और गहन पूछताछ के बाद उसने सोने के आभूषणों की हेराफेरी करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार, आरोपी वर्ष 2017 से रिलायंस ज्वेलर्स में काम कर रहा था और उसे स्टोर की पूरी कार्यप्रणाली की जानकारी थी। वह कंपनी की मासिक जमा योजना से जुड़े कई ग्राहकों के संपर्क में रहता था। आर्थिक तंगी, कर्ज और बढ़ते वित्तीय दबाव के कारण आरोपी ने पहले ग्राहकों द्वारा जमा कराई गई राशि का निजी उपयोग करना शुरू किया। बाद में जब ग्राहकों ने अपने जमा पैसे के बदले



आभूषणों की मांग की, तो उसने स्टोर से असली सोने के कंगन निकालकर उनकी जगह नकली कंगन रखना शुरू कर दिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी कंपनी की कार्यप्रणाली का फायदा उठाता था। रिलायंस ज्वेलर्स द्वारा सोना गलाने (मेल्टिंग) के लिए जिस अधिकृत प्रतिष्ठान की सेवाएं ली जाती थीं, वहां आरोपी अपनी पुरानी पहचान और कंपनी की यूनिफॉर्म का इस्तेमाल कर पहुंच जाता था। कंपनी के पूर्व कर्मचारी होने के कारण वहां उसकी गतिविधियों पर किसी को शक नहीं हुआ। आरोपी वहां असली सोना गलवाकर उसे अलग-अलग ग्राहकों के लेन-देन में इस्तेमाल करता था। कुछ मामलों में उसने ग्राहकों को यह कहकर आभूषण उपलब्ध कराए कि वे उन्हें स्टोर में एक्सचेंज कर सकते हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने किश्तों के माध्यम से सोने के आभूषण खरीदने वाली दो महिला ग्राहकों को भी अपना शिकार बनाया। आरोपी ने पहले उनके पैसों और आभूषणों में हेराफेरी की और बाद में फर्जी बिल तैयार कर मामले को छिपाने की कोशिश की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने संबंधित आभूषण और बिल जब्त किए। रिलायंस ज्वेलर्स से सत्यापन कराने पर ये बिल फर्जी पाए गए। इसके बाद मामले में धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज से जुड़े अपराधों की धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस ने बीएनएस की धारा 336(3), 318(4), 338 और 340(2) भी जोड़ दी हैं। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के मोबाइल फोन की भी जांच की। तकनीकी विश्लेषण में पता चला कि आरोपी पुलिस जांच, गिरफ्तारी, जमानत और पूछताछ की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी ऑनलाइन और जप आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से जुटा रहा था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर कई ऋण और वित्तीय देनदारियां थीं। आर्थिक दबाव में आकर उसने इस पूरी साजिश को अंजाम दिया। पुलिस इन सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# राष्ट्रमंडल खेल : भारत का उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन, जूडो में चमके, मुक्केबाजों ने दिखाया दम

ग्लास्गो

राष्ट्रमंडल खेल 2026 में कई ऐसे खेल शामिल नहीं थे, जिनमें भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन इसके बावजूद देश ने उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया तथा मुक्केबाजों, जूडो खिलाड़ियों और पैरा एथलीटों के दमदार प्रदर्शन के बलबूते पर 39 पदकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में केवल 10 खेल शामिल थे। कुश्ती, निशानेबाजी, बैडमिंटन और हॉकी जैसे खेल इसमें शामिल नहीं थे, जिनमें भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है। खेलों के शुरू होने से पहले नहीं लग रहा था कि भारत शीर्ष पांच में जगह बना पाएगा। लेकिन भारत का 122 सदस्यीय दल 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य पदक लेकर लौटा, जिससे पता चलता है कि देश अन्य खेलों में भी अच्छी प्रगति कर रहा है। भारत को चौथा स्थान दिलाने में मुक्केबाजों की भूमिका अहम रही।

### मुक्केबाजों ने किए रिकॉर्ड 10 पदक हासिल

*भारतीय मुक्केबाजों ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक और कुल मिलाकर 10 पदक हासिल किए। जहां महिला मुक्केबाजों ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शानदार प्रदर्शन किया, वहीं पुरुषों ने भी अपना पूरा दम दिखाया। इस प्रदर्शन को हालांकि इस संदर्भ में देखना जरूरी है कि कई यूरोपीय और एशियाई देशों की अनुपस्थिति के कारण प्रतियोगिता ओलंपिक या विश्व चैंपियनशिप जितनी कठिन नहीं थी। फिर भी भारत ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया।*



### जूडो में पहली बार मिला गोल्ड

इसके अलावा जूडो भी भारत के लिए एक और बड़ा सकारात्मक पहलू था। लंबे समय से हाशिये पर रहने वाले इस खेल में राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अपने पिता के निधन के कुछ महीनों बाद अस्मिता डे का स्वर्ण पदक और हर्ष सिंह का खिताब पिछले कुछ वर्षों में इस खेल में देश की निरंतर प्रगति का पता चलता है।

### पैरा खेलों में बढ़ी ताकत

भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने भी बड़े मंच पर अपनी प्रगति जारी रखी। पावरलिफ्टिंग से लेकर एथलेटिक्स तक, भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पैरालंपिक खेलों में उनकी सफलता कोई संयोग नहीं थी। विभिन्न खेलों में मिले पदकों से देश की पैरा खेलों में बढ़ती ताकत का पता चलता है।

### एथलेटिक्स में भारत का प्रदर्शन मिश्रित

*एथलेटिक्स में भारत का प्रदर्शन मिश्रित रहा। चोट से उबरकर लौटे ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा और पदक के कुछ अन्य दावेदार भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। लेकिन एथलेटिक्स में कुछ यादगार प्रदर्शन भी देखने को मिले। तेजस्विन शंकर ने घुटने की चोट से उबरते हुए डेकाथलॉन में पदक जीता, गुलवीर सिंह ने लंबी दूरी की दौड़ में अपनी छाप छोड़ी और वह दो पदक जीतने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी रहे।*

## खबर संक्षेप



### वीनस की जीत का इंतजार बढ़ा, कामिला से हारी

टोरंटो। वीनस विलियम्स का वापसी के बाद पहली जीत के लिए इंतजार और बढ़ गया क्योंकि उन्हें नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। वीनस को कामिला रखिमोवा ने 6-4, 6-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। बारिश के कारण यह मैच देर से खेला गया। इस डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 46 वर्षीय वीनस जुलाई 2025 से लगातार 12 मैच हार चुकी हैं। 24 वर्षीय रखिमोवा उज्बेकिस्तान की रहने वाली हैं। वह विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज हैं।

### एनआरएआई ने पांच दिन का आईएसएसएफ शॉटगन रेफरी कोर्स शुरू किया

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन रेफरी पाठ्यक्रम शुरू किया जिसका लक्ष्य निशानेबाजी के खेल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के तकनीकी अधिकारी तैयार करना है। तीन से सात अगस्त तक चलने वाला यह पांच दिन का पाठ्यक्रम मैच अधिकारियों के लिए एक बेहतरीन ट्रेनिंग मंच का काम करता है। यह पाठ्यक्रम बहरीन के आईएसएसएफ से नामित इंस्ट्रक्टर नूरदीन अलयासी चला रहे हैं जिनकी मदद भारत के अमर जंग सिंह कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में भारत के अलावा सऊदी अरब और श्रीलंका के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

### पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच बने स्मिथ

लाहौर। बल्लेबाजों के लगातार खराब प्रदर्शन से परेशान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर माइक स्मिथ को राष्ट्रीय टीम का नया बल्लेबाजी कोच बनाया है। वह आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए टीम के साथ जुड़ेंगे। लेवल चार के बल्लेबाजी कोच स्मिथ को टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के साथ काफी अनुभव है, विशेषकर पाकिस्तान सुपर लीग की कई टीम के साथ काम करने का।

### टेस्ट : पाक के खिलाफ वेस्टइंडीज मजबूत

पोर्ट ऑफ स्पेन। जस्टिन ग्रीव्स के नाबाद अर्धशतक और रोस्टन चेज के साथ उनकी 66 रन की अटूट साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन 5 विकेट पर 239 रन बनाए। खराब रोशनी के कारण 74 ओवरों के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीव्स 64 और चेज 36 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले ग्रीव्स ने शाई होप (29) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की थी। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने उसे आक्रामक शुरुआत देते हुए 50 गेंदों में 46 रन बनाए। बारिश के कारण सुबह के सत्र में केवल 9.5 ओवर ही फेंके जा सके, जिसमें किंग ने तेगनारायण चंद्रपॉल (15) के साथ पहले विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी की।

### चोटिल बुमराह की जगह श्रीलंका के खिलाफ खेलेंगे सीरीज

# औकिब बने कश्मीर घाटी के पहले टेस्ट क्रिकेटर, श्रीलंका दौरे पर दिखाएंगे दम

नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी को चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया।

इस तरह से वह भारत की टेस्ट टीम में जगह बनाने वाले कश्मीर घाटी के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। नबी को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है।

### चोट के कारण श्रीलंका दौरे से बाहर बुमराह

बुमराह को फिटनेस के आधार पर टेस्ट टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण श्रीलंका दौरे से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'पुरुष चयन समिति ने बुमराह के स्थान पर औकिब नबी को टीम में शामिल किया है। जम्मू और कश्मीर के इस तेज गेंदबाज को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।'



### श्रीलंका ए के खिलाफ चटका चुके हैं 6 विकेट

औकिब नबी ने हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 6 विकेट चटकाए थे जिसमें एक ही पारी में 4 विकेट हॉल लेना शामिल था। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में औकिब नबी ने कुल 40 मैच खेले हैं और इस दौरान उन्होंने 71 पारियों में 18.63 की बेहतरीन औसत और 2.90 की शानदार इकॉनमी रेट के साथ 162 विकेट हासिल किए हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 16 बार 5 विकेट हॉल और 4 बार 10 विकेट हॉल लेने का कारनामा अपने नाम किया है।

### रणजी ट्रॉफी के दो सत्रों में 104 विकेट

कश्मीर के बारामूला के गांव के रहने 29 वर्षीय नबी जम्मू कश्मीर के तीसरे खिलाड़ी हैं, जिन्हें भारत की सीनियर टीम में चुना गया है। उनसे पहले परवेज रसूल और उमरान मलिक को सीमित ओवरों के लिए सीनियर राष्ट्रीय टीम में चुना गया था। रसूल और मलिक सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत के लिए खेल चुके हैं। नबी ने पिछले दो रणजी ट्रॉफी सत्र में कुल 104 विकेट लिए थे, जिनमें 2025-26 सत्र में लिए गए 60 विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह बल्लेबाजी में भी उपयोगी योगदान देने में सक्षम हैं। वह हाल ही में श्रीलंका दौरे पर गई भारत ए टीम का भी हिस्सा थे, जहां उन्होंने दो प्रथम श्रेणी मैचों में 6 विकेट लिए थे। श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 15 अगस्त को गॉल में शुरू होगी।

### भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, औकिब नबी।

### दलीप ट्रॉफी

# नार्थ जोन के लिए खेलेंगे अर्शदीप वधावन संभालेंगे टीम की कमान



नई दिल्ली

भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 23 अगस्त से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी के लिए, जम्मू कश्मीर के विकेटकीपर कन्हैया वधावन की अगुवाई वाली उत्तर क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

■ उत्तर क्षेत्र के लिए टीम का ऐलान, बदोनी को बनाया गया उपकप्तान

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को भी उत्तर क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है। जम्मू कश्मीर की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत के बाद चयनकर्ताओं ने वहां के छह खिलाड़ियों को टीम में जगह देकर उनके प्रदर्शन को सम्मान दिया है। वधावन के अलावा सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल, हरफनमौला अब्दुल समद, बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक, तेज गेंदबाज सुनील कुमार और युधवीर सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। दिल्ली के आयुष बदोनी को उपकप्तान बनाया गया है।

### दिल्ली के 4 खिलाड़ियों को टीम में जगह

चयनकर्ताओं का मानना है कि दलीप ट्रॉफी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत करने वाले खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मंच है। जम्मू कश्मीर के बाद दिल्ली के सबसे अधिक चार खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। इनमें सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान, पूर्व कप्तान यश ढुल, मध्यक्रम के बल्लेबाज आयुष दोसेजा और उपकप्तान बदोनी शामिल हैं। स्पिन और हरफनमौला विकल्प के रूप में निशांत सिंधु, [illegible] और [illegible] शर्मा को टीम में शामिल किया गया है।

### 'टूर डी फ्रांस फेम्स'

# रेस में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला बनीं हर्षिता



एजल

भारत की युवा साइकिलिस्ट हर्षिता जाखड़ ने प्रतिष्ठित 'टूर डी फ्रांस फेम्स' का हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला बन कर इतिहास रच दिया है।

राजस्थान की 19 साल की खिलाड़ी ने रविवार को इस कठिन बहु-चरणीय साइकिल रेस के दूसरे चरण के औपचारिक शुभारंभ (सेरेमोनियल स्टार्ट) में आठ प्रतिभाशाली साइकिलिस्ट के दल का नेतृत्व किया। इस दल में अफगानिस्तान, अल्जीरिया, चिली, इथियोपिया (दो साइकिलिस्ट), नामीबिया और युगांडा की खिलाड़ी शामिल थीं। प्रतियोगिता की शुरुआत एक अगस्त को लुवान से हुई और इसका समापन 9 अगस्त को नीस में होगा।

### सपना हुआ पूरा : हर्षिता

हर्षिता ने कहा, 'बचपन में अपने पिता की प्रेरणा से मुझे साइकिलिंग से लगाव हुआ और तभी से टूर डी फ्रांस में भाग लेना मेरा सपना रहा है। मैं यूसीआई की आभारी हूं कि उसने मुझे महिला रेस के दूसरे चरण की शुरुआत में दुनिया की अन्य प्रतिभाशाली साइकिलिस्टों के साथ सवारी करने का अवसर दिया। जूनियर स्तर पर विभिन्न टूर्नामेंटों में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली हर्षिता का लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में शीर्ष 10 में जगह बनाना और 2030 में पदक जीतना है। टारगेट एशियाई खेलों समूह की खिलाड़ी हर्षिता भारतीय खेल प्राधिकरण के पटियाला स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में अपने पिता और कोच राकेश जाखड़ की देख-रेख में अभ्यास करती है।

### कॉमनवेल्थ की पदक विजेता ज्ञानेश्वरी बनीं डीएसपी, मिलेंगे 30 लाख रुपये



रायपुर। ग्लास्गो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल-2026 में महिला वर्ग की 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव का मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ज्ञानेश्वरी की उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें 30 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि तथा आउट ऑफ टर्न डीएसपी पद पर पदोन्नति देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा, यह सम्मान प्रदेश की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा, ज्ञानेश्वरी यादव ने अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।



# अमेरिकी क्रिकेटर अखिलेश रेड्डी पर आठ साल का बैन

नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका (यूएसए) के क्रिकेटर बोड्डुगम अखिलेश रेड्डी पर सभी तरह के क्रिकेट से 8 साल का बैन लगाया है। उन्हें एंटी-करप्शन ट्रिब्यूनल ने एंटी-करप्शन कोड के तीन नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया है। 26 वर्षीय रेड्डी पर ये कार्रवाई संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट के 2025 एडिशन से जुड़ी भ्रष्ट गतिविधियों के कारण की गई है। आईसीसी को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस लीग के लिए 'डेजिग्नेटेड एंटी-करप्शन ऑफिशियल' (डीएसीओ) के तौर पर नियुक्त किया था। आईसीसी के मुताबिक रेड्डी का 8 साल का सस्पेंशन 21 नवंबर 2025 से लागू माना जाएगा, जब उन्हें पहली बार अस्थायी रूप से सस्पेंड किया गया था। ट्रिब्यूनल की औपचारिक कार्रवाई के बाद, रेड्डी को एंटी-करप्शन कोड के तहत तीन मुख्य नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है।

आईसीसी ने कहा, आर्टिकल 2.1.1: एडीटी10 2025 में मुकाबलों के नतीजे, प्रगति, आचरण या किसी अन्य पहलू को फिक्स करने, उसकी साजिश रचने या गलत तरीके से प्रभावित करने की कोशिश करना, या किसी भी तरह से फिक्सिंग या साजिश या गलत तरीके से प्रभावित करने के समझौते या प्रयास में शामिल होना है।

### कोरिया ओपन आज से, तन्वी के प्रदर्शन पर नजरें

# तन्वी और श्रीकांत संभालेंगे भारतीय चुनौती की कमान

असन

ताइपे ओपन की चैंपियन तन्वी शर्मा और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से शुरू हो रहे कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। पंजाब की 17 वर्षीय तन्वी पर कोरिया ओपन में प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। वह महिला एकल में क्वालिफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

पुरुष एकल में तीसरे वरीय श्रीकांत पर नजर रहेगी, जो फिटनेस समस्या के कारण कनाडा ओपन में नहीं खेल पाए थे। वह अब पूरी तरह से फिट हैं और इजरायल के डैनियल डुबोवेंको के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे।

### तान्या को मिलेगी हिना अकेची से कड़ी चुनौती

महिला एकल में सातवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ को भी पहले दौर में क्वालीफायर का सामना करना है लेकिन तान्या हेमंत को जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला दक्षिण कोरिया की किम मिन जी से, जबकि श्रेयांशी वलिशेट्टी का चीनी ताइपे की पाइ यू पो से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज और अश्मिता चालिहा दोनों क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।



आठवीं वरीयता प्राप्त अनमोल खरब का मुकाबला हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी से और मानसी सिंह का सामना दक्षिण कोरिया की किम जू यून से होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त इशारानी बरुआ दक्षिण कोरिया की ली जो यून से भिड़ेंगी।

### युगल जोड़ियों को दिखाना होगा दम

महिला युगल में सोनाली सिंह और रितिका ठाकर का सामना क्वालीफायर से होगा जबकि प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा दूसरी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी रिरीना हिरामोटो और कोकोना इशीकावा से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गरगा और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय पहले दौर में थाईलैंड के चालोम्पोन चारोएनकितामोर्न और वोरापोल थोंगसा का सामना करेंगे। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरु का मुकाबला मलेशिया के आरोन चिया और आरोन ताई से होगा, जबकि अच्युतादित्य राव दोड्डवरपु और पीकला अर्जुन रेड्डी दक्षिण कोरिया के चोई सोल ग्यू और मलेशिया के तोह ?? की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।



कितने प्रेम, परिश्रम और धैर्य से कोई पक्षी अपने बच्चों के लिए घोंसला बनाता है, उन्हें पालता-पोसता है। इसी तरह स्त्रियां भी अपने बच्चों, अपने परिवार की सुख-सुविधा का ध्यान रखती हैं। एक स्त्री होती है, जो घर की धुरी बन परिवार के सदस्यों को भावनात्मक संबल देती है। स्त्री के बिना घर-परिवार की कल्पना नहीं की जा सकती। हर स्त्री को अपने इस नैसर्गिक गुण को समझ कर अपने घर-परिवार को खुशहाल बनाने से कभी पीछे नहीं रहना चाहिए।

# ममता का घोंसला
# एक स्त्री ही घर को घर बनाती है



कवर स्टोरी

स्नेहा सिंह

पक्षियों का घोंसला केवल सूखी टहनियों, तिनकों और पत्तों का ढेर भर नहीं होता, वह प्रेम, धैर्य, श्रम और सुरक्षा का ऐसा भाव होता है, जिसमें नया जीवन पलता-खिलता है। आश्चर्य की बात यह है, किसी पक्षी ने वास्तुकला की पढ़ाई नहीं की होती, किसी इंजीनियर से सलाह नहीं ली होती, फिर भी उसका घोंसला प्रकृति की सबसे सुंदर कृतियों में से एक होता है। यही बात स्त्री के बारे में भी कही जा सकती है। वह अपने परिवार के साथ ईंट, सीमेंट और लकड़ी से निर्मित घर में नहीं रहती, वह अपना घर रिश्तों, संवेदनाओं, त्याग और विश्वास से बसाती है। घर की दीवारें तो कोई भी खड़ी कर सकता है, लेकिन उनमें अपनापन भरना केवल एक संवेदनशील स्त्री ही जानती है।

**परिवार के सदस्यों का जीवन संवारती है स्त्री:** जब एक युवती विवाह के बाद नए घर में प्रवेश करती है, तो वह स्वयं के साथ संस्कार, नई उम्मीदें और प्रेम के भाव भी लेकर आती है। धीरे-धीरे वह हर कमरे में मात्र अपनी उपस्थिति भर ही नहीं देती, अपनी आत्मीयता भी बिखेरती है। घर की रसोई की महक, बच्चों की मुस्कान, बुजुर्गों की देखभाल और पति का संबल बनकर परिवार को एक सूत्र में बांधती है। आज की आधुनिक स्त्री चाहे काम-काजी हो या गृहिणी, उसका सबसे बड़ा कौशल यही है कि वह परिवार के सदस्यों के बिखरे हुए जीवन को करीने से समेटती है, उसे संवारती है। प्रकृति ने उसे वही गुण दिया है, जो एक पक्षी को घोंसला बनाने के लिए दिया है, तिनका-तिनका जोड़ने का हुनर और धैर्य।

**ममता ही है घर का असली सौंदर्य:** आज घरों में महंगे फर्नीचर दिखते हैं, आलीशान इंटीरियर रहता है, आधुनिक किचन होता है, वातानुकूलित कमरे होते हैं, लेकिन क्या हर घर में सुकून-शांति भी रहती है? यह प्रश्न हर परिवार को स्वयं से पूछना चाहिए। इस बात को समझें कि एक छोटा-सा घोंसला इसलिए मोहक लगता है, क्योंकि वहां भय नहीं, भरोसा होता है। वहां दिखावा नहीं, अपनापन होता है। पक्षी अपने बच्चों के लिए जितनी मेहनत करते हैं, उसमें रंच मात्र भी स्वार्थ नहीं होता। स्त्रियां भी अपने परिवार के लिए दिनभर अनगिनत छोटे-छोटे काम करती हैं। कई बार उनके इन कामों को महत्व नहीं दिया जाता, कोई प्रशंसा नहीं मिलती, लेकिन इन्हीं अदृश्य प्रयासों से घर-परिवार में जीवन की ऊष्मा बनी रहती है। आज सोशल मीडिया, घर को सजाने के हजारों तरीके सिखाता है, लेकिन घर को जोड़ने की कला अभी भी मां, बहन, पत्नी और बेटी ही सिखाती है। घर की सजावट महंगे साजो या सामानों से नहीं, मधुर शब्दों और प्रेम-सम्मान से होती है। जब घर में संवाद समाप्त हो जाते हैं, तब सुंदर से सुंदर भवन सूना-खाली लगने लगता है। वहीं यदि परिवार के सदस्यों के बीच संवादों के माध्यम से प्रेम और भरोसा बना हुआ है तो साधारण घर भी स्वर्ग जैसा अनुभव देता है।

**जरूरी है संबंधों का संरक्षण:** कोई भी पक्षी अपने बच्चों को जीवन भर घोंसले में नहीं रखता। बच्चा जैसे ही उड़ना सीखता है, वह उसे स्वतंत्र आकाश में छोड़ देता है। घोंसला पक्षियों के लिए अपनी प्रतिष्ठा का प्रतीक नहीं बनता। मनुष्य इसके बिल्कुल विपरीत होता है। घर उसके लिए केवल रहने का स्थान नहीं, सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रदर्शन बन जाता है। आलीशान भवन और महंगी सजावट के बीच कई बार रिश्तों की गर्माहट खो जाती है। स्त्रियों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होती है। रिश्तों को सहेजने में वे कोई कसर नहीं छोड़ती, इस जतन में स्वयं को ही भूल जाती हैं। उनके लिए घर की सजावट में रखी मूल्यवान चीजें कोई मायने नहीं रखतीं, घर में बसने वाले लोगों के रिश्ते मायने रखते हैं। बच्चों को समय देना, बुजुर्गों का सम्मान करना, परिवार में विश्वास, संवाद जीवित रखना, यही वह पूंजी है, जो पीढ़ियों तक साथ रहती है। बाकी सब कुछ समय के साथ बदल जाता है। स्त्री यदि चाहे तो वह घर को केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला बना सकती है। उसकी मुस्कान, उसका धैर्य और उसका प्रेम-स्नेह आने वाली पीढ़ियों का चरित्र गढ़ता है।



**हम बनाएं प्रेम का घोंसला:** प्रकृति हमें हर दिन सिखाती है, जीवन की सबसे बड़ी शक्ति प्रेम है। एक नन्ही चिड़िया बिना किसी शिकायत के बार-बार तिनके लाती है, उन्हें जोड़ती है, आंधियों से लड़ती है। अंततः वह अपने बच्चों के लिए सुरक्षित बसेरा तैयार करती है। इसी तरह स्त्री भी अपने जीवन में अनेक भूमिकाएं निभाती है, वह प्रोफेशनल है, मां है, बेटी है, पत्नी है, बहू है और कई बार पूरे परिवार की भावनात्मक धुरी भी है। ऐसे समय में उसे यह याद रखना चाहिए कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति उसकी संवेदनशीलता है। घर में बच्चों को केवल अच्छी शिक्षा ही नहीं देनी चाहिए, संवेदनशील व्यवहार करना भी सिखाना चाहिए। पति को केवल साथ नहीं, एक अच्छी समझ भी चाहिए। बुजुर्गों को केवल समय पर दवा नहीं, अपनापन और सम्मान भी चाहिए। ये सब किसी महंगी वस्तु से नहीं, आपकी ममता से ही मिलती है।



आइए, हम अपने घरों को केवल सुंदर मकान बनाने की जगह, एक ऐसा घोंसला बनाएं, जहां सम्मान, विश्वास, संवाद और प्रेम-स्नेह हर दिन नए तिनके की तरह जुड़ते रहें, क्योंकि ईंटों से मकान बनते हैं, लेकिन प्रेम-स्नेह और ममता से घर बसते हैं, परिवार में खुशहाली छाती है।

# एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता
# दांपत्य जीवन को बनाए मधुर

आज अधिकांश परिवारों में पति-पत्नी दोनों ही वर्किंग होते हैं। पत्नी को दोहरी जिम्मेदारी निभानी होती है। ऐसे में पत्नी के प्रति पति के कृतज्ञता के भाव जादुई असर करते हैं। कई स्तरों पर पति के प्रति पत्नी के भी कृतज्ञता के भाव बहुत जरूरी होते हैं। एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता दांपत्य जीवन को मधुर बनाती है।

मैरीड लाइफ

वीरेंद्र बहादुर सिंह



आज की महिलाएं सिर्फ अपना करियर ही नहीं बना रही हैं, परिवार की जिम्मेदारियां भी निभा रही हैं। ऐसे में मधुर दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसमें सबसे जरूरी है कृतज्ञता का भाव। हमें इस बात को समझना चाहिए कि पति-पत्नी का रिश्ता केवल अधिकारों का नहीं, अपनत्व का रिश्ता है। जब दोनों यह सोचने लगते हैं 'मैं अपना काम कर रही हूं, वह अपना काम कर रहा है, इसमें कृतज्ञता या आभार जताने की क्या जरूरत?' इस तरह की सोच रिश्तों में गर्माहट कम करती है। प्रेम के पौधे को जिम्मेदारियों के साथ-साथ सम्मान और आभार के जल से सिंचित करना जरूरी है।

**दिलाएं अहमियत का एहसास:** कृतज्ञता के भाव के साथ-साथ पति को पत्नी की अहमियत को समझना चाहिए। अधिकांश महिलाएं घर और दफ्तर के बीच संतुलन बनाते-बनाते थक जाती हैं। दूसरी ओर पुरुष भी काम के बढ़ते दबाव और जिम्मेदारियों से जूझते हैं। ऐसे में यदि दोनों केवल एक-दूसरे की कमियां देखने लगेंगे तो रिश्ते बोझ बन जाएंगे। अगर दिन में एक बार भी दिल से यह कह दिया जाए, 'तुम्हारी वजह से मेरा जीवन आसान है' तो यह छोटा-सा वाक्य रिश्ते में नई रंगत भर देगा।



**प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं पति-पत्नी:** पति-पत्नी आपसी प्रतिद्वंद्वी नहीं, जीवनयात्रा के सहयात्री हैं। अगर दोनों हर काम का हिसाब रखेंगे कि किसने, कितना काम किया तो रिश्ता प्रेम से अधिक एक अनुबंध जैसा लगने लगेगा। प्रेम का सौंदर्य इसी में है कि कभी एक अधिक देता है, कभी दूसरा। दोनों के मन में शिकायत नहीं, अपनापन और कृतज्ञता के भाव होने चाहिए।

**छोटी-छोटी बातों में छिपा है बड़ा प्रेम:** मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं, कृतज्ञता व्यक्त करने वाले दंपती अधिक खुश रहते हैं, भावनात्मक रूप से एक-दूसरे से ज्यादा जुड़े होते हैं। जीवनसाथी की छोटी-छोटी बातों की सराहना करने से शिकायतें कम होती हैं और आत्मीयता बढ़ती है। सोचिए, यदि पति बिना कहे शाम की चाय बना दे या पत्नी उसकी थकान देखकर चुपचाप उसके पास बैठकर प्रेम से सिर में हाथ फेर दे तो यह कोई बड़ा त्याग नहीं है। यदि इन छोटे-छोटे प्रयासों के लिए एक प्यारी सी मुस्कान और एक 'थैंक यू' मिल जाए, तो ऐसे पल रिश्ते को गहरा बना देते हैं।

**सुखी वैवाहिक जीवन का रहस्य:** आज सोशल मीडिया पर हम अनजान लोगों की तस्वीरों पर 'वाह', 'बहुत अच्छा' और 'थैंक यू' लिखने में देर नहीं करते, लेकिन अपने सबसे करीबी पति/पत्नी से यह कहने में संकोच करते हैं, 'तुम्हारी वजह से मेरा जीवन खूबसूरत है।' सुखी वैवाहिक जीवन का रहस्य बड़े उपहारों या किसी बड़े टूरिस्ट प्लेस पर घुमाने से नहीं, रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों में छिपा होता है। एक प्याला चाय, थकान में एक स्नेह भरा स्पर्श, एक मुस्कान और दिल से निकला 'थैंक यू', ये बातें दांपत्य जीवन को हर दिन खूबसूरत बना देती हैं। रिश्तों में प्रेम किसी चमत्कार से नहीं बढ़ता। यह बढ़ता है सम्मान, देखभाल, विनम्रता और इस अहसास से कि हमारे जीवन में सामने वाले का होना किसी सौभाग्य से कम नहीं है। यदि हम हर दिन निश्छल भाव अपनी कृतज्ञता के भाव प्रकट करते रहें तो इसके जादू का असर बहुत प्रभावशाली होगा, दांपत्य रिश्तों में प्रेम की सुगंध हमेशा बनी रहेगी।

ट्रैवल टिप्स

ललिता गोयल

बुजुर्गों के साथ की गई यात्रा परिवार के साथ बिताए अनमोल पलों का अवसर होती है। लेकिन बुजुर्गों के साथ यात्रा प्लान करते समय आपको कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना होगा, ताकि वे आराम के साथ यात्रा करें और इसका पूरा आनंद उठाएं।

# बुजुर्गों के साथ जब जाएं यात्रा पर
# रखें इन बातों का खास ध्यान



जीवन के सबसे सुखद अनुभवों में से एक होती है-यात्रा। जब यात्रा घर के बुजुर्गों के साथ हो तो यह एक अलग तरह का अनुभव देती है। बुजुर्गों के साथ यात्रा को आरामदायक और यादगार बनाने के लिए सही प्लानिंग की जरूरत होती है। क्योंकि बुजुर्गों के साथ यात्रा करने के दौरान यही डर रहता है कि कहीं वे बीमार न पड़ जाएं या उन्हें खाने-पीने को लेकर दिक्कत ना हो? इस तरह की और भी कई चिंताएं मन में होती हैं। आइए, जानते हैं कि बुजुर्गों के साथ यात्रा करते समय किन खास बातों का ध्यान रखा जाए, जिससे उनकी यात्रा यादगार, आरामदायक बने।

**सही पर्यटन स्थल चुनें:** बुजुर्गों के साथ यात्रा करते समय, पर्यटन स्थल का चुनाव सावधानी से करें। उनकी विशेष पसंद पूछें, लेकिन सुनिश्चित करें कि वह स्थान उनके लिए उपयुक्त है या नहीं। देखें कि क्या उस पर्यटन स्थल तक आसानी से पहुंचा जा सकता है?

**टिकट कंफर्म होने पर ही करें यात्रा:** बुजुर्गों के साथ यात्रा का प्रोग्राम बनाते समय ध्यान रखें कि टिकट कंफर्म है या नहीं? टिकट कंफर्म होने के बाद ही यात्रा करें। इससे सफर सुकून भरा और रिलैक्सिंग होगा।

**आरामदायक स्थान दें:** ट्रैवलिंग के दौरान बुजुर्गों को आरामदायक स्थान दें, फिर चाहे ट्रैवलिंग गाड़ी से हो, फ्लाइट या ट्रेन से हो। होटल बुक करते समय ग्राउंड फ्लोर, लिफ्ट और सुविधाजनक बाथरूम वाली सुविधाओं को प्राथमिकता दें। बस, ट्रेन या हवाई जहाज में लंबे समय तक बैठे रहने से उन्हें असुविधा हो सकती है, इसलिए पहले से ही अतिरिक्त लेगरूम वाली सीट चुनें।

**एक ही दिन कई जगहें न घूमें:** यात्रा के दौरान एक दिन में बहुत सारी जगह देखने का प्लान न बनाएं। बीच-बीच में ब्रेक लें। बुजुर्गों को रेस्ट करने का पूरा समय दें ताकि उन्हें थकान न हो।

**खाने का सामान साथ में जरूर रखें:** बुजुर्गों के साथ ट्रैवलिंग के दौरान ड्राई फ्रूट्स या घर के बने कुछ स्नैक्स भी साथ में रखकर ले जाएं, जिससे यात्रा के दौरान बीच-बीच में भूख लगने पर वे खा सकें। सफर के दौरान शरीर में पानी की कमी न होने दें और उन्हें समय-समय पर पानी या जूस देती रहें।

**सामान कम कैरी करें:** बुजुर्गों के साथ यात्रा करते समय बहुत सारी चीजें ले जाने से बचें। इससे सामान का वजन बढ़ जाता है। इसलिए यात्रा में वही सामान पैक करें, जिसकी वास्तव में आवश्यकता हो। ऐसा करने से यात्रा के दौरान आप बुजुर्गों का सही से ध्यान रख पाएंगी।

**सही कपड़े और फुटवियर चुनें:** यात्रा में जाने से पहले बुजुर्गों के लिए उपयुक्त कपड़े और जूते पैक करना न भूलें। गर्म मौसम के लिए, ढीले और आरामदायक कपड़े पर्याप्त मात्रा में ले जाएं। ठंडे मौसम के लिए, स्वेटर, मोजे, जूते, टोपी और जैकेट पैक करें।



## फर्स्ट एड बॉक्स जरूर रखें

बुजुर्गों को यात्रा पर ले जाने से पहले बहुत जरूरी है कि उनका पूरा मेडिकल चेकअप करा लें। उनका बीपी, शुगर आदि नॉर्मल होने पर ही उन्हें अपने साथ यात्रा के लिए ले जाएं अन्यथा वे रास्ते भर परेशान होंगे और आपको भी चिंता होगी। अपने साथ फर्स्ट एड बॉक्स जरूर रखें, क्योंकि यात्रा के दौरान कब कौन-सी दवा की जरूरत पड़ जाए कहा नहीं जा सकता। फर्स्ट एड बॉक्स में बुजुर्गों की दवाइयों को एकदम व्यवस्थित ढंग से रखें। साथ में ओआरएस, इलेक्ट्रॉल आदि के पाउच भी रख लें।

मेकअप

शैली गुप्ता

# मानसून में भी आपका मेकअप रहेगा मेंटेन

बारिश के मौसम में परफेक्ट और लॉन्ग लास्टिंग मेकअप करना ईजी नहीं होता है। उमस, नमी और बार-बार होने वाली बारिश के कारण मेकअप जल्दी मेल्ट, फैलने या फीका पड़ने लगता है। कई बार घर से निकलते समय किया गया खूबसूरत मेकअप कुछ ही घंटों में खराब नजर आने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि इस सीजन में कुछ खास ब्यूटी टिप्स अपनाए जाएं, ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे और चेहरा फ्रेश दिखाई दे।

**स्किन करें तैयार:** लंबे समय तक टिकने वाले मेकअप की शुरुआत अच्छी स्किन प्रिपरेशन से होती है। सबसे पहले चेहरे को माइल्ड फेसवॉश से साफ करें। इसके बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं ताकि स्किन हाइड्रेटेड रहे। बहुत ज्यादा ऑयली या हैवी क्रीम लगाने से बचें क्योंकि इससे मेकअप जल्दी खराब हो सकता है।



**हैवी नहीं लाइट फाउंडेशन:** बारिश के मौसम में मोटी फाउंडेशन लेयर लगाने से मेकअप के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए फुल कवरेज फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम, सीसी क्रीम या टिंटेड मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे चेहरा नेचुरल, फ्रेश दिखता है।

**अप्लाई करें प्राइमर:** इस सीजन में मेकअप करते समय प्राइमर बेहद जरूरी माना जाता है। यह स्किन और मेकअप के बीच एक स्मूद लेयर बनाता है, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिकता है। खासकर ऑयली स्किन वालों के लिए मैटिफाइंग प्राइमर अच्छा विकल्प हो सकता है। यह एक्स्ट्रा ऑयल को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**वॉटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का करें यूज:** मानसून में काजल, मस्कारा और आईलाइनर के फैलने की समस्या आम होती है। इससे बचने के लिए वॉटरप्रूफ और स्मज-प्रूफ प्रोडक्ट्स चुनें। ये पसीने और नमी के बावजूद आंखों के मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करते हैं।

**क्रीम बेस्ड प्रोडक्ट्स का यूज:** हालांकि क्रीम ब्लश और क्रीम हाईलाइटर नेचुरल लुक देते हैं, लेकिन अधिक नमी वाले मौसम में ये जल्दी मेल्ट होते हैं। इसलिए इनका इस्तेमाल सीमित मात्रा में करें और ऊपर से हल्का पाउडर लगाकर सेट करें।

**बार-बार टच न करें फेस:** कई महिलाएं मेकअप के बाद बार-बार चेहरे को छूती रहती हैं, जिससे मेकअप खराब होने लगता है। पसीने के कारण यह समस्या और बढ़ सकती है। इसलिए चेहरे को बार-बार हाथ लगाने की आदत से बचें और जरूरत पड़ने पर साफ टिश्यू या ब्लॉटिंग पेपर यूज करें।

**सेटिंग स्प्रे है जरूरी:** मेकअप को लंबे समय तक टिकाने के लिए सेटिंग स्प्रे का उपयोग किया जा सकता है। यह मेकअप को लॉक करने में मदद करता है और पूरे दिन चेहरे को फ्रेश बनाए रखता है।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट सोनी वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

रेखा देशराज

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग होनी चाहिए। इसके लिए कैसा हो आपका डाइट प्लान, जानिए।

# इस मौसम में ऐसी हो आपकी हेल्दी डाइट

बारिश के इस मौसम में वातावरण में नमी काफी ज्यादा बढ़ जाती है। इससे बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से पनपते हैं। नतीजतन सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार, पेट के संक्रमण, फूड प्वाइजनिंग और पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। महिलाओं को और खासतौर पर काम-काजी महिलाओं को, अपने खान-पान में ध्यान देना चाहिए। जानकारों का मानना है कि मानसून के दिनों में स्वस्थ रहने का सबसे आसान और प्रभावी उपाय है- संतुलित, ताजा और पौष्टिक भोजन। सही डाइट इन दिनों महिलाओं की न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है बल्कि स्वस्थ रहने से इनकी ब्यूटी में भी निखार आता है। हेल्दी डाइट से त्वचा, बालों आदि में भी असर साफ दिखता है। इसलिए बारिश के मौसम में हेल्दी डाइट का सेवन करना बहुत जरूरी है।

**प्रोटीन-विटामिन सी रिच डाइट:** इन दिनों शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना सबसे जरूरी होता है। इसलिए भोजन में विटामिन-सी, एंटी-ऑक्सीडेंट और प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें। इसलिए अपनी मानसून डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां, शिमला मिर्च और टमाटर को विशेष रूप से शामिल रखें। अमरूद, नींबू, संतरा और आंवला भी इन दिनों खाएं ताकि शरीर को भरपूर विटामिन-सी मिल सके। राजमा, चना, मूंग दाल जरूर खाएं और पनीर को प्रोटीन के लिए प्राथमिकता दें। इस मौसम में प्रोटीन युक्त डाइट महिलाओं के ऊतकों की मरम्मत अच्छी तरह से करती है, जिससे वे स्वस्थ रहती हैं और उनकी सुंदरता भी निखरती है।



**पाचन का रखें ध्यान:** बारिश के मौसम में अकसर पेट खराब हो जाता है। इसलिए दूसरे मौसमों से ज्यादा इस मौसम में जरूरी होता है कि आप अपने पाचन का ध्यान रखें। इसके लिए हल्का, संतुलित और सुपाच्य भोजन ही करें। दही, इस मौसम में देर से और मुश्किल से पचता है। इसलिए दही तभी लें, जब आप दही आसानी से पचा लेती हों। अगर छाछ लें तो उसमें भुना जीरा और हरा या सूखा पुदीना मिलाएं। जिन लोगों को इस मौसम में बार-बार गले की समस्या होती हो, उन्हें इसके सेवन से पहले एक बार अपने डॉक्टर से पूछ लेना चाहिए।

**शामिल करें आयरन-कैल्शियम:** आयरन और कैल्शियम की कमी इस मौसम में नहीं होनी चाहिए। इसलिए बारिश के दिनों में खासकर पालक, मेथी, चुकंदर और सीमित मात्रा में गुड़ का सेवन करें। किशमिश, दालें, तिल भी इस मौसम में बहुत फायदेमंद हैं, क्योंकि ये आयरन और विटामिन-सी से भरपूर होते हैं। अगर आसानी से पचता हो तो दूध और पनीर को भी अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। साथ ही पर्याप्त पानी पिएं और बाहर के खाने से बचें।

## इन बातों का रखें ध्यान

- हमेशा ताजा और गर्म भोजन करें।
- मौसमी फल और हरी सब्जियां अच्छी तरह धोकर जरूर खाएं।
- खुले में बिकने वाले कटे हुए फल, सलाद या स्ट्रीट फूड भूलकर भी न खाएं।
- इस मौसम में अपने भोजन में अंकुरित अनाज और प्रोटीन की अच्छी मात्रा शामिल करें।
- बासी भोजन खाने से बचें।
- प्रतिदिन पर्याप्त पानी पिएं। नींबू पानी, छाछ या नारियल पानी को भी अपनी डाइट में शामिल करें।



# तिरंगा विशेष सम्मान का प्रतीक, इसे हृदय से लगाएं : नीरज सिंह

### -भाजपा कार्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

### -12 से 14 अगस्त तक स्वच्छता अभियान, 13 को तिरंगा यात्रा और 14 अगस्त को निकलेगा मौन जुलूस

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज एक राष्ट्रभक्ति के जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। इस अभियान ने प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और आत्मिया की भावना को और सशक्त किया है। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह की अध्यक्षता में महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, महापौर बिहारी लाल आर्य, जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, महामंत्री विकास कुशवाहा, विनोद नायक, सह- संयोजक शुभम बनर्जी, राहुल कुशवाहा और प्रणय अग्रवाल उपस्थित रहे। समस्त जिला पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन महामंत्री विकास कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ बीते 12 वर्षों में देश का मान-सम्मान वैश्विक स्तर पर अद्भुत रूप से बढ़ा है। विकसित, सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित श्रेष्ठ भारत का सपना अब मोदी जी के नेतृत्व में यथार्थ रूप ले चुका है। आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, शहीद स्थलों एवं महत्वपूर्ण परिसरों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा अमर शहीदों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 13 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी, वहीं 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर मौन जुलूस एवं संगोष्ठियों के माध्यम से ऐतिहासिक संस्मरण साझा किए जाएंगे।अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रगौरव का प्रतीक यह तिरंगा उत्तर प्रदेश के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि प्रथम स्वाधीनता संग्राम से लेकर आजादी की अंतिम लड़ाई तक इस धरा के वीरों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ अध्यक्षों के मार्गदर्शन में कम से कम 50-50 घरों को इस अभियान से अनिवार्य रूप से जोड़े। महापौर बिहारी लाल आर्य ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' केवल झंडा फहराने का औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ने का पवित्र अभियान है। कार्यक्रम के अंत में अभियान संयोजक / पूर्व जिला महामंत्री अमित साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष मनु सिंह ,संजीव अग्रवाल ,अभिषेक जैन , ममता लश्करी,जिला मंत्री विनीत खटीक ,देवी मंजुलता ,मनोज श्रीवास ,मीनू राजावत, मंगल श्रीवास्तव,अंकित साहू ,मोहित पोरवाल , चेतन ओझा ,शैलेंद्र परमार ,कमलेश परिहार ,दुष्यंत राजपूत वीरेंद्र चौहान , जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा उमाशंकर राजपूत ,जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अमित जादौन ,जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा संजय लॉन्गसन ,सुमन पुरोहित जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ,मंडल अध्यक्ष धर्मेंद अहिरवार , शिखा साहू ,राजेश पाल ,रवि राजपूत ,अनुज निखरा ,राहुल सैनी ,निर्मल कुशवाहा ,दिलीप पुरी ,मुकुल द्विवेदी ,रवि राजपूत ,पुष्पेंद चौहान , सुरेंद्र पाल ,श्वेता पाराशर ,प्रतिमा कुलकर्णी ,सिद्धेश दुबे आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# गरौठा विधायक ने विधानसभा में रखी किसानों की सिंचाई के लिए बिजली संकट की समस्या

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** गरौठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक जवाहर लाल राजपूत ने किसानों के सामने खड़े सिंचाई के लिए बिजली संकट का मुद्दा विधानसभा में प्रमुखता से रखा है. उन्होंने नियम-51 के अंतर्गत विधानसभा में सूचना देकर जनपद झांसी की मोंठ तहसील में धान की खेती के लिए पर्याप्त एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की.

विधायक ने कहा कि वर्तमान समय धान की रोपाई का है और किसानों को सिंचाई के लिए लगातार बिजली की आवश्यकता है, लेकिन मोंठ, समथर, शाहजहांपुर, पूँछ, करकोस एवं लोहागढ़ सहित कई 33/11 विद्युत उपकेंद्रों पर अत्यधिक लोड होने के कारण निजी एवं सरकारी नलकूपों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है. लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती से किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है.विधायक राजपूत ने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि क्षेत्र के किसानों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है. कई गांवों में कई-कई दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से किसानों के साथ-साथ आम जनता को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. समथर एवं गुरसराय क्षेत्र में भी विद्युत आपूर्ति की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. विधायक जवाहर लाल राजपूत ने मांग की कि किसानों को धान की रोपाई एवं सिंचाई के लिए तत्काल निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए. साथ ही अमरौख (मोंठ) 33/11 विद्युत उपकेंद्र को शीघ्र संचालित करने तथा लोहागढ़ 33/11 विद्युत उपकेंद्र की क्षमता 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए किए जाने की भी बात उठाई है, ताकि क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ हो सके.

# राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त जी की जयंती का भव्य आयोजन

### - डॉ. संदीप सरावगी के मुख्य अतिथि में संपन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** गहोई कुलभूषण राष्ट्रकवि डॉ. मैथिली शरण गुप्त जी की 140 वी पावन जयंती पर निवाड़ी गहोई वैश्य समाज द्वारा भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झांसी से पधारे डॉ संदीप सरावगी अध्यक्ष (संघर्ष सेवा समिति) रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में गहोई वैश्य महासभा के उपाध्यक्ष श्री मोहन बड़कुल (बामौर) ने पधारकर महासभा का प्रतिनिधित्व किया कार्यक्रम के अध्यक्षता स्थानीय गहोई वैश्य समाज निवाड़ी के अध्यक्ष श्री शंकर लाल बडोनिया जी ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत निवाड़ी तिगैला से गहोई बंधुओ ने सैकड़ो लोगों के साथ बाइक रैली निकाली पुन: सभी लोग गहोई धर्मशाला से डीजे, बग्गी, घोड़े के साथ विशाल शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा खंदिया वाले श्री हनुमान जी मंदिर तक जाकर बाजार से होती हुई गुप्त जी का जय गान करती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ बाहर से पधारे हुए अतिथियों द्वारा राष्ट्रकवि भगवान लखन लाल जी एवं मां सरस्वती के चित्र पर तिलक वंदन एवं माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। स्थानीय समिति द्वारा पधारे हुए अतिथियों के स्वागत के बाद निवाड़ी के 75 आयु के 34 बायो वृद्ध महानुभावों को शाल, श्रीफल एवं भगवान श्री लखनलाल के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। महासभा के उपाध्यक्ष श्री मोहन बड़कुल ने राष्ट्रकवि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य आसंदी से बोलते हुए डॉ संदीप सरावगी ने अपने गरिमामय उद्धवोदन में राष्ट्रकवि को महान क्रांतिकारी श्रेष्ठ विचारक और उत्कृष्ट भाषा विद निरूपित किया अपनी ओजस्वी शैली में उन्होंने समाज को संगठित रहने हेतु प्रेरित किया संगठन में शक्ति निहित है यदि आप संगठित रहे तो कोई आपको झुका नहीं सकता उल्टे नेता आपके दरवाजे पर चक्कर लगाने को विवश होंगे। निवाड़ी गहोई समाज के अध्यक्ष श्री शंकर लाल बडोनिया ने सफल आयोजन के लिए समाज का आभार व्यक्त किया और सभी सहयोगियों की मुख्य से प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री संतोष धूसर, श्री राजेंद्र खरया ,श्री दीपू नगरिया ,श्री सुधीर धूसर, श्री सौरभ इटौंदिया ,श्री पुरुषोत्तम धूसर, श्री पुष्कर एवं समिति के अन्य सदस्य महानुभावों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन- वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार श्री शिव कुमार गुप्त मामा जी ने किया।उनकी कविता एवं संचालन की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की। अन्य वक्ता महानुभावों में श्रीमती निरंजन जैन अध्यक्ष जनपद पंचायत,श्रीमती आकांक्षा गुप्ता (जिला शिक्षा अधिकारी)पन्ना, श्री अरविंद रेजा ,श्री सुरेश कठिल,श्री जयप्रकाश नौगरैया,श्री रजुल शेखर ने गुप्त जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गहोई वैश्य समाज निवाड़ी के समस्त महानुभाव सामूहिक भोज में सह परिवार आमंत्रित थे।

# 'जयपुर लाठीचार्ज में शहीद युवा देवराज पलड़ा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि '

राज्यस्थान के सवर्ण विधायक मंत्री आखिर चुप क्यों हो

यूजीसी कानून रोल बैक को लेकर शहीद हुआ है युवा

मुम्बई अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह जी ने भावुक होकर कहा:

'आखिर जयपुर रैली के दौरान वाटर कैनन और पुलिस लाठीचार्ज में छात्र देवराज पलड़ा नामक युवा ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।'

उन्होंने सरकार से मांग की:

1. शहीद के परिवार को पूर्ण सुरक्षा दी जाए
2. परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए
3. कम से कम 1 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए

कुंवर हरिवंश सिंह जी ने कहा 'युवा देश की रीढ़ है। शांतिपूर्ण आंदोलन पर इस तरह की बर्बरता लोकतंत्र के लिए कलंक है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा शहीद देवराज पलड़ा जी को शत-शत् नमन करती है। उसकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी



प्रदर्शन के दौरान घायल हुए देवराज सिंह की मौत (Photo-Patrika)

'अब और क्या लिखूं, निशब्द हूं'
अश्रु पूरित विन्रम श्रद्धांजलि
- कुंवर हरिवंश सिंह

राष्ट्रीय अध्यक्ष,
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा -लोकसभा
पूर्व सांसद प्रतापगढ़

# पति ने खाया जहर, पत्नी फांसी पर लटकी

**झांसी।** जनपद में रीलबाज पत्नी ने घर से बाहर जाकर नौकरी कर रही थी। इसको लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद पति ने जहर खा लिया। घरवाले उसे अस्पताल लेकर भागे। इसी बीच पत्नी कमरे में फंदे से लटक गई। पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति की हालत गंभीर बनी है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना बबीना के इमलीपुरा मोहल्ले में सोमवार रात करीब 11 बजे की है।

इमलीपुरा में रहने वाला सागर साहू (32) मध्यप्रदेश के अशोकनगर में एसी-फ्रिज रिपेयरिंग का काम करता है। करीब डेढ़ साल पहले उसकी सोशल मीडिया पर लखनऊ में रहने वाली राधा राठौर (30) से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच अफेयर हो गया। बाद में दोनों के परिवारवालों की सहमति से 25 नवंबर, 2025 में उनकी शादी हो गई। शादी के बाद दोनों अशोकनगर में ही रहने लगे। सागर के बड़े भाई विजय साहू ने बताया- सोमवार रात करीब 11 बजे सागर अपनी पत्नी राधा के साथ बबीना स्थित घर पहुंचा। देर रात किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान सागर ने जहर खा लिया। कुछ देर बाद गैलरी से कराहने की आवाज सुनकर घरवाले वहां पहुंचे। तब सागर ने बताया कि उसने जहर खा लिया है। उसने बचाने की गुहार लगाई। घरवाले उसे बबीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। विजय ने बताया- हम लोग सागर को मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे। इसी दौरान मेरी पत्नी प्रीति का फोन आया कि राधा कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर उससे लटक गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राधा को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुझे नहीं पता कि दोनों ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया? घरवालों के अनुसार, राधा शादी के बाद अशोकनगर में सागर के साथ रह रही थी। सागर एसी-फ्रिज रिपेयरिंग का काम करता था, वहीं राधा एक प्राइवेट कंपनी के लिए वर्क फ्रॉम होम करती थी। बताया जा रहा है कि राधा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती थी। उसे रील बनाने का काफी शौक था। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि राधा बाहर जाकर नौकरी करने की इच्छा जता रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है। वहीं, राधा की मौत की सूचना लखनऊ में रहने वाले उसके मायकेवालों को दे दी गई है।

# आरपीएफ के वरिष्ठ कमांडेंट व पत्नी को ब्लैक मेल करने पर युवती के खिलाफ रिपोर्ट

**झांसी।** अब झांसी रेल मंडल के आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जितेंद्र कुमार शर्मा एवं उनकी पत्नी को ब्लैकमेल करने के आरोप में एक युवती के खिलाफ थाना नवाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में युवती पर अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देने की धमकी देते हुए 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल रेल सुरक्षा आयुक्त जितेंद्र कुमार शर्मा ने थाना नवाबाद में एफ 9 न्यूज के प्रबंधक, रिपोर्टर सहित पूरी प्रसारण टीम पर इस महिला से संबंधित फर्जी भ्रामक तथ्य विहीन खबर प्रसारित करने और खबर हटाने के नाम पर हुबली में एक घर, वेतन का आधा हिस्सा तथा स्टेशन पर अवैध कारोबार चलवाने की डिमांड रखने का मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। थाना नवाबाद में रेल अधिकारी कुंज निवासी अंकिता भारद्वाज पत्नी जितेंद्र शर्मा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने पुलिस को बताया कि कर्नाटक के हुबली निवासी मरीना लाजरस उर्फ मरीना जैसी निवासी हुबली कर्नाटक द्वारा मुझे, मेरे पति एवं मेरे परिवार को लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा है तथा गंभीर आपराधिक धमकियां दी जा रही हैं। उक्त मरीना द्वारा मुझसे विभिन्न माध्यमों, विशेषकर व्हाट्सएप एवं मोबाइल फोन के माध्यम से रुपये 15,00,000/- (पंद्रह लाख रुपये) की अवैध मांग की जा रही है। उसने मुझे धमकी दी है कि यदि मेरे द्वारा उक्त धनराशि उसे नहीं दी गई, तो वह अपने सहयोगियों के माध्यम से मेरी, मेरे पति तथा मेरे परिवार के सदस्यों की हत्या करवा देगी। उक्त मरीना द्वारा पूर्व में भी मुझे ब्लैकमेल एवं भयभीत करके मेरे पति से जबरन धनराशि की वसूली की जा चुकी है। वह मुझसे एवं मेरे पति से पुनः इसी प्रकार अवैध रूप से धन उगाही करने के उ?द्देश्य से रुपये 15,00,000/- की मांग कर रही है तथा मांग पूरी न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रही है। इससे पूर्व भी उसने नकद एवं आनलाइन माध्यम, विशेषकर गूगल पे के माध्यम से विभिन्न अवसरों पर धनराशि की अवैध वसूली की है, जिनमें दिनांक 13.01.2026 को रुपये 5,000/-, 09.03.2026 को रुपये 10,000/-, 21.03.2026 को रुपये 7,000/-, 30.03.2026 को रुपये 3,000/-, 27.04.2026 को रुपये 3,000/-, 08.05.2026 को रुपये 2,000/-तथा 05.06.2026 को रुपये 10,000/- की राशि शामिल है। इसके अतिरिक्त भी उसने अनेक अवसरों पर नकद एवं आनलाइन माध्यम से धनराशि की अवैध उगाही की है। उसके पूर्व के आचरण एवं वर्तमान धमकियों से मुझे पूर्ण आशंका है कि यदि उसके विरुद्ध तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो वह पुनः मुझे, मेरे पति एवं मेरे परिवार को ब्लैकमेल कर अवैध धन वसूली करने का प्रयास करेगी। 31 जुलाई 2026 को उक्त मरीना ने मेरे पति का माफ्ड /छेड़छाड़ करके बनाया गया

# बोन एंड जॉइंट वीक के तहत झांसी में बालक,युवा,बुजुर्ग और महिलाओं की जागरूकता को होंगे विभिन कार्यक्रम

### झांसी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन ने दी जानकारी

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले बोन एंड जॉइंट वीक के तहत झांसी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन द्वारा 4 से 7 अगस्त तक हड्डियों एवं जोड़ों के स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में सोमवार शाम 5 बजे मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग स्थित वार्ड नंबर-9 के सेमीनार हॉल में प्रेसवार्ता आयोजित की जाएगी।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह गदौरिया और सचिव डॉ. पारस गुप्ता ने बताया कि अभियान की शुरुआत 4 अगस्त को 'स्ट्रॉन्ग सर्जन, सेफ हैंड्स' थीम के साथ मेडिकल कॉलेज के ओपन जिम एवं ग्राउंड में होगी। इसमें सर्जनों को शारीरिक फिटनेस और सुरक्षित कार्यशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा। 5 अगस्त को 'पोश्चर इंडिया' थीम के अंतर्गत कमला हॉस्पिटल में छात्रों के लिए सही ढंग से बैठने और कंप्यूटर पर कार्य करते समय उचित मुद्रा अपनाने पर सेमिनार आयोजित होगा। 6 अगस्त को 'इंजरी फ्री इंडिया' थीम के तहत गोरामछिया स्थित विजन मोटर्स (टाटा मोटर्स) में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल सुरक्षा और दुर्घटना बचाव पर विशेषज्ञ जानकारी दी जाएगी। 7 अगस्त को मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के कारण होने वाली हड्डियों की समस्याओं और उनके बचाव पर विशेष सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा बुजुर्गों को गिरने से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी तथा विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को हड्डियों एवं मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए संतुलित आहार, व्यायाम और सही जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा। झांसी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन ने मीडिया प्रतिनिधियों एवं नागरिकों से कार्यक्रमों में सहभागिता कर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को सफल बनाने की अपील की है। पत्रकारवार्ता में डॉ. गोकुल,डॉ. अजय गुप्ता,डॉ. राकेश त्रिपाठी, व डॉ. निलय जैन उपस्थित रहे।

## झांसी आर्थोपेडिक क्लब की नई कार्यकारिणी गठित

**झांसी** आर्थोपेडिक क्लब की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हो गया। निर्वाचन अधिकारी डॉ. अशोक दीक्षित ने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की। इसके अनुसार डॉ. राजीव भदौरिया को अध्यक्ष, डॉ. अजय गुप्ता को उपाध्यक्ष, डॉ. पारस गुप्ता को सचिव तथा डॉ. निखिल जैन को संयुक्त सचिव निर्वाचित किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. गोकुल प्रसाद, डॉ. मुकुल मिश्रा और डॉ. योगेश पाण्डेय चुने गए। नवगठित कार्यकारिणी ने क्लब की शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718